हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 15 मई 2026

तापमान
अधिकतम 38.9 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री


तोरवा स्मार्ट सड़क धान मंडी रोड पर
गिट्टी व रेत डंप कर चिल्हर में बेचा जा रहा है



# पूरा शहर पेट्रोल खरीदने निकल पड़ा, कई जगह ट्रैफिक जाम

## शहर के कई पंप बंद, अनेक पेट्रोल पंपों में सड़क तक लगी कतार
## जिला प्रशासन व आयल कंपनी ने कमी नहीं होने का किया दावा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलासपुर

शहर के 8 पेट्रोल पंप पहले से ड्राई थे, गुरुवार को कुछ और पेट्रोल पंप ड्राई हो गए, यह खबर फैलते ही पूरा शहर पेट्रोल डीजल लेने के लिए उमड़ पड़ा। शहर के पुलिस पेट्रोल पंप सहित अनेक पेट्रोल पंपों में लोगों की लंबी लाइन लग गई, कई जगह सड़कों पर ट्रैफिक जाम हो गया। लोग पसीना बहाते हुए पेट्रोल पंप में अपनी बारी आने का इंतजार करते रहे। हालांकि जिला प्रशासन व पेट्रोलियम कंपनियों ने किसी तरह की किल्लत नहीं होने का दावा किया है।

शहर के बीचोंबीच स्थित पुलिस पेट्रोल पंप में सुबह से वाहनों की कतार लग गई, इसी तरह जरहाभाठा स्थित कुछ पेट्रोल पंपों और गौरव पथ स्थित पेट्रोल पंपों में वाहनों की कतार लग गई। गौरव पथ स्थित बिपिन फ्यूल्स ड्राई होने के बाद पेट्रोल पंप परिसर के भीतर पेट्रोल टैंकर सप्लाई के लिए पहुंचा था। भीतर टैंक में पेट्रोल डाला जा रहा था और बाहर टैंकर के जाने का वाहन चालकों द्वारा इंतजार किया जा रहा था। इस दौरान पेट्रोल पंप के बाहर सड़क पर वाहन चालकों का कब्जा हो चुका था और वाहनों के आवागमन के लिए जगह ही नहीं बच गई थी।


शहर के बीचोबीच स्थित पुलिस पेट्रोल पंप में लगी वाहनों की कतार।


गौरव पथ स्थित पेट्रोल पंप के बाहर लोगों की भीड़।

### कोनी में डिब्बे में पेट्रोल-डीजल

कोनी स्थित एक पेट्रोल पंप में डिब्बे में पेट्रोल-डीजल देते देखा गया है, जबकि राज्य शासन द्वारा इस संबंध में साफ तौर पर स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि किसी भी स्थिति में डिब्बे या बॉटल में पेट्रोल या डीजल नहीं दिया जाना है। पेट्रोलियम कंपनियों के अनुसार जरीकेन या जार में पेट्रोल या डीजल की आपूर्ति केवल टेलीकाम कंपनियों एवं जनरेटर के लिए सशर्त प्रदान की जा सकती है। इनके अलावा किसी को भी डिब्बे में पेट्रोल-डीजल नहीं देना है।

### कोई लिमिट तय नहीं, जितना चाहो मिलेगा

इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के अनुसार सोशल मीडिया में वाहनों में अधिकतम चालीस लीटर डीजल ही देने जैसी न्यूज चल रही है, जो कि एकदम भ्रामक एवं फेक न्यूज है। अधिकारियों ने कहा कि जिस वाहन की जितनी फ्यूल टैंक केपेसिटी है, वाहन चालक उतना फ्यूल एक ही बार में पेट्रोल पंपों में भरवा सकते हैं। इसके लिए किसी भी प्रकार की न तो कोई लिमिट तय की गई है, और न ही पेट्रोल पंपों को कोई दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

# मांग सामान्य होने तक पेट्रोल पंपों को चौबीस घंटे खोलने के निर्देश

## जिले में पांच दिनों का भरपूर स्टॉक: कलेक्टर ने ली ऑयल कंपनियों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**बिलासपुर।** जिले में पेट्रोल व डीजल की भारी कमी होने की अफवाह के बाद पेट्रोल पंपों में ईंधन के लिए ऐसी कतार लगी कि देखते ही देखते आठ पेट्रोल पंप ड्राई हो गए। अब वहां सप्लाई सुचारू रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर द्वारा गुरूवार को ऑयल कंपनियों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें मांग व पूर्ति के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान कलेक्टर ने मांग सामान्य होने तक जिले के सभी 146 पेट्रोल पंपों को चौबीसों घंटे खुले रखने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने गुरूवार को ऑयल कंपनियों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर द्वारा तीनों ऑयल कम्पनियों के सेल्स ऑफिसर एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों से पेट्रोल व डीजल की उपलब्धता एवं आपूर्ति की समीक्षा की, जिसमें तीनों ऑयल कम्पनियों के अधिकारियों द्वारा आवश्यकता व मांग अनुसार पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति होने की बात कही गई। कलेक्टर द्वारा ऑयल कम्पनियों के अधिकारियों को उपभोक्ताओं की मांग व खपत अनुसार पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। इसी तरह जिले में पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति से संबंधित शिकायत हेतु कॉल सेन्टर नम्बर 07752224150 का गठन भी किया गया है। कलेक्टर ने मांग सामान्य होने तक जिले के सभी पेट्रोल पम्पों को 24 घण्टे आपूर्ति के निर्देश दिये है। कलेक्टर के निर्देश पर ऑयल कम्पनियों एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के पेट्रोल व डीजल पम्पों में उपस्थित होकर लगातार निरीक्षण एवं निगरानी की जा रही है। जिले के पेट्रोल पम्पों हेतु पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। जिले में पेट्रोल की दैनिक आवश्यकता 273 किलोलीटर की है, जबकि 1191 किलोलीटर का स्टॉक उपलब्ध है। इसी तरह डीजल की दैनिक आवश्यकता 419 किलोलीटर है, जिसकी तुलना में वर्तमान में 1507 किलोलीटर स्टॉक उपलब्ध है। ऐसे में जिले में फिलहाल पांच दिनों का पेट्रोल व डीजल का भरपूर स्टॉक उपलब्ध है।



### इसलिए ड्राई हुए थे जिले के आठ पेट्रोल व डीजल पम्प

बीते दो दिनों में प्रदेश के पेट्रोल व डीजल पम्प के ड्राईआउट होने का कारण-अफवाह एवं घबराहट के कारण आम लोगों की पेट्रोल व डीजल की खपत में अप्रत्याशित वृद्धि होना बताया जा रहा है। लोग कमी होने की अफवाह को सच मानकर पेट्रोल व डीजल के लिए पंपों पहुंचकर अपनी दैनिक आवश्यकता से अधिक डीजल व पेट्रोल लेने लगे, जिससे मांग में एकाएक वृद्धि के कारण कृत्रिम अभाव उत्पन्न हो गया। ड्राईआउट होने वाले पेट्रोल व डीजल पंपों को यथाशीघ्र स्टॉक की आपूर्ति ऑयल कम्पनियों के डिपो से लगातार की जा रही है।

### पैनिक होने की जरूरत नहीं

जिले में पेट्रोल व डीजल की जो रोज की जरूरत है, उसकी तुलना में हमारे पास अगले पांच दिनों तक के लिए भरपूर भंडारण है। पेट्रोल व डीजल का पर्याप्त स्टॉक है, जिससे लोगों को पैनिक होकर पंपों में भीड़ लगाने की जरूरत नहीं है।

**-संजय अग्रवाल**, कलेक्टर

### आपूर्ति में कोई रुकावट नहीं

बिलासपुर क्या, पूरे छत्तीसगढ़ में कहीं भी पेट्रोल व डीजल की सप्लाई या आपूर्ति में कहीं कोई रूकावट नहीं है। हमारे पास पर्याप्त स्टॉक है, जिससे लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है।

**-नितिन चवान**, स्टेट लेवल कोआर्डिनेटर आईओसीएल






## अज्ञात कारणों से युवक ने लगाई फांसी, मौत

**तखतपुर।** अज्ञात कारणों से 24 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि, चोरमा में एक युवक खुड़िया खार के खेत में बबूल के पेड़ से फांसी लगा ली है। सूचना पर पुलिस घटना स्थल पहुंची और जांच शुरू हुई। लाश की शिनाख्त चोरमा निवासी दीपक ध्रुव पिता सालिक राम ध्रुव उम्र 24 वर्ष के रूप में हुई है।

## निधन

### गिरधर बजाज

**बिलासपुर।** राजेंद्र नगर बजाज बिल्डिंग निवासी गिरधर बजाज का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 15 मई शुक्रवार को सुबह 11 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। वे स्वर्गीय चिमन दास बजाज के पुत्र, मुरली बजाज के भाई एवं मनोज, रोहित बजाज के पिता थे।

### सुदीप चक्रवर्ती

**बिलासपुर।** मन्नू चौक टिकरापारा निवासी सुदीप चक्रवर्ती का 14 मई को निधन हो गया। वे 57 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 15 मई को सुबह 11:30 बजे दयालबंद मधुबन मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे पियाली चक्रवर्ती के पति एवं दोयल चक्रवर्ती के पिता थे।

### अवि साहू

**बिलासपुर।** तेलीपारा निवासी अवि साहू का निधन हो गया। वे 26 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 15 मई को सुबह 9 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. अश्वनी साहू के पुत्र थे।

### अनीश श्रीवास

**बिलासपुर।** 27 खोली निवासी अनीश श्रीवास का 14 मई को निधन हो गया। वे 48 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 15 मई को सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे महेश श्रीवास के पुत्र, मनीष श्रीवास के भाई व वर्षा श्रीवास के पति थे।

### मुक्तिधाम की सरकारी जमीन पर कब्जा, ग्रामीणों में आक्रोश

# मुर्दे भी सुरक्षित नहीं, 25 दिन पुरानी कब्र पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

तहसील मुख्यालय सीपत में सरकारी जमीनों पर बढ़ते अतिक्रमण के बीच एक बेहद संवेदनशील मामला सामने आया है, जिसने पूरे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। नवाडीह बस्ती के पीछे स्थित सर्व हिंदू समाज के शमशान घाट की आरक्षित सरकारी भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला अब विवाद का बड़ा कारण बन गया है।

आरोप है कि, कब्जाधारी ने न केवल श्मशान भूमि पर निर्माण कराया, बल्कि करीब 25 दिन पहले दफनाए गए मृतक की कब्र पर जेसीबी चलाकर उसे समतल कर दिया और वहां तार फेंसिंग कर कब्जा जमा लिया। घटना सामने आने के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों के अनुसार, खसरा नंबर 967 श्मशान घाट के लिए आरक्षित सरकारी भूमि है, जहां वर्षों से अंतिम संस्कार और दफन की प्रक्रिया होती रही है। आरोप है कि, बिल्हा विकासखंड के ग्राम रामपुर ढोढ़ी निवासी रामखिलावन पटेल ने करीब सात वर्ष पहले खसरा नंबर 938 रकबा 2.43 हेक्टेयर तथा खसरा नंबर 867/3 रकबा 15 डिसमिल, कुल 75 डिसमिल भूमि खरीदी थी। प्रारंभ में खरीदी गई जमीन पर पोल्ट्री फार्म और सब्जी बाड़ी विकसित की गई, लेकिन बाद में उसने श्मशान घाट से लगी सरकारी भूमि पर भी कब्जा कर लिया और वहां दो मंजिला भवन का निर्माण करा लिया। ग्रामीणों का दावा है कि, संबंधित व्यक्ति ने लगभग चार एकड़ सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर रखा है। ग्रामीणों ने बताया कि, मकान निर्माण के दौरान कई बार पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने आपत्ति दर्ज कराई तथा श्मशान घाट की भूमि खाली करने की मांग की, लेकिन किसी स्तर पर सुनवाई नहीं हुई।

मामला तब और गंभीर हो गया जब 25 दिन पहले दफनाए गए 62 वर्षीय रामकुमार सूर्यवंशी की कब्र को जेसीबी से समतल कर दिया गया। इससे लोगों की धार्मिक भावनाएं भी आहत हुई हैं।



घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़।

### ग्रामीणों ने जताया विरोध

विरोध प्रदर्शन घटना की जानकारी मिलते ही बुधवार सुबह जनपद पंचायत सभापति मनोज खरे, सरपंच प्रतिनिधि योगेश वंशकार, द्वारिका प्रसाद खरे, लच्छी वर्मा, पोषण सत्यार्थी, दिनेश विजय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। जनपद पंचायत सभापति मनोज खरे ने कहा कि, श्मशान घाट की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। संबंधित व्यक्ति के पास सीमित भूमि होने के बावजूद उसने बड़े क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है, जिसकी शिकायत प्रशासन से कर सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी। सरपंच प्रतिनिधि योगेश वंशकार ने कहा कि, सीपत क्षेत्र में बेजा कब्जों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। अब स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि श्मशान घाट जैसी सार्वजनिक और संवेदनशील भूमि भी सुरक्षित नहीं बची है। पंचायत स्तर पर जल्द कार्रवाई के लिए प्रशासन से पहल की जाएगी। वहीं द्वारिका प्रसाद खरे ने कहा कि, श्मशान घाट की भूमि को हर हाल में कब्जामुक्त कराया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल मौके की जांच कर श्मशान घाट की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने, सीमांकन कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा।



## उत्कृष्ट जनगणना कार्य के लिए अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जनगणना कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार्ज अधिकारी सहित 60 प्रगणकों, सुपरवाइजर एवं जनगणना सहायकों को जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

■ कलेक्टर ने दिया प्रशस्ति पत्र, जाना काम का अनुभव

उन्होंने कहा कि जनगणना 2027 का यह महाअभियान हमारे देश और जिले के भविष्य के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कार्य है। जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अग्रिम पंक्ति में रहकर अपने आबंटित क्षेत्रों में घर-घर जाकर इस कार्य को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत पूर्ण किया है। प्रगणक के रूप में आपकी भूमिका इस पूरे अभियान की सबसे मजबूत कड़ी है। आपके जुटाए इन सटीक और पारदर्शी डिजिटल आंकड़ों पर ही आगामी दशक में हमारे जिले और राष्ट्र के विकास की नीतियां, योजनाएं और संसाधनों का वितरण निर्भर करेगा। जिले के प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों ने उत्कृष्ट कार्य कर मिसाल प्रस्तुत की है। कलेक्टर ने नगर पंचायत जरहागांव चार्ज अधिकारी शुभम बख्तानी, जनगणना सहायक विकास साहू, नगर पंचायत सरगांव चार्ज अधिकारी घनश्याम प्रसाद शर्मा, जनगणना सहायक राकेश कौशिक सहित पर्यवेक्षकों और प्रगणकों को सम्मानित किया।



## निस्तारी बाबा तालाब जल प्रदाय योजना हेतु 77 करोड़ स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दगोरी

बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक की प्रयासों से छत्तीसगढ़ सरकार ने शिवनाथ नदी सौर सूक्ष्म सिंचाई योजना निस्तारी बाबा तालाब जल प्रदाय योजना हेतु 77 करोड़ की राशि को स्वीकृति प्रदान की है। इस योजना से ग्राम मोतिमपुर, चुनचुनिया, पोसारी, अमेरिकापा, अमेरी अकबरी, उड़गन, गोढ़ी तथा दगोरी के आमजनों को लाभ मिलेगा। विगत दिनों क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जनपद सभापति राजकुमार साहू, दगोरी सरपंच मथुरा भारद्वाज, नरेंद्र सन्नाट, घनश्याम कौशिक, हरपाल कौशिक इत्यादि ने विधायक का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा योजना स्वीकृति पर आभार व्यक्त किया।

## हरदी समाधान शिविर में लाभान्वित हुए हितग्राही

**तखतपुर।** तखतपुर ब्लॉक के हरदी में गुरुवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिपं उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। समाधान शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों के स्टॉल में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी ली।

शिविर के माध्यमों से आज कुल 277 आवेदन प्राप्त हुए। जिपं उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप ने कहा कि, समाधान शिविर के माध्यम से लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी एक ही जगह पर मिल रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन की योजनाएं तेजी से आमजन तक पहुंच रही हैं, जिससे लोगों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से हो रहा है। जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ वस्त्रकार ने कहा कि, केंद्र और राज्य सरकार जनकल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं। लोगों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए शासन द्वारा सुशासन तिहार अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने शिविर उपस्थित होकर अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लेने की अपील ग्रामीणों से की। राज्य सलाहकार मोनिका सिंह ने कहा कि, सुशासन तिहार के तहत आमजनों की समस्या की सुनवाई और निराकरण हो रहा है। शिविर में आज 5 हितग्राहियों को राशनकार्ड, 8 को पेंशन स्वीकृति, 12 को मनरेगा जॉब कार्ड, 30 को आयुष्मान कार्ड, 40 को लर्निंग ड्राईविंग लाइसेंस, 70 का बीपी एवं शुगर जांच, 30 का सिकल सेल जांच, 80 का स्वास्थ्य परीक्षण, 10 को आवास स्वीकृति एवं 5 समूह को 30 लाख का चेक वितरण, 72 को पट्टा वितरण एवं शिशुओं का अन्नप्राशन एवं महिलाओं का गोद भराई का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला, सभापति मनहरण लाल कौशिक, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की राज्य सलाहकार मोनिका सिंह, सीमा अश्वनी श्रीवास, राजू साहू, दुर्गा साहू, सरपंच मधु कौशिक, सीईओ सत्यव्रत तिवारी, विरेंद्र कश्यप, इंद्राज ठाकुर, पेखन ठाकुर, बोनू ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।



## भागवत कथा भवसागर से पार होने का एकमात्र मार्ग: पं तिवारी

**गौरेला।** गौरेला के ग्राम गोरखपुर में मनोज तिवारी, संतोष तिवारी परिवार की ओर से मोक्ष प्रदायिनी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में कथा प्रवक्ता आचार्य पंडित हरवंश तिवारी अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को कथा का रसपान करा रहे हैं।

कथा के दौरान पंडित हरवंश तिवारी ने कहा कि, कलयुग में नाम संकीर्तन और भागवत कथा ही भवसागर से पार होने का एकमात्र मार्ग है। उन्होंने कहा कि, व्यक्ति को इस मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल और सार्थक बनाना चाहिए। कलयुग में भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही जन्म जन्मांतर के दुखों के नाश हो जाता है। इस दौरान उन्होंने बताया कि, भागवत कथा से व्यक्ति में श्रद्धा और विश्वास उत्पन्न होता है, जबकि इसके सूक्ष्म अध्ययन से योग का ज्ञान प्राप्त होता है। इससे व्यक्ति का चरित्र ऊंचा होता है और उसमें सकारात्मक सोच विकसित होती है, जो एक स्वस्थ समाज के निर्माण में सहायक होती है। उन्होंने कहा कि इस ग्रंथ की महिमा आज भी अक्षुण्ण है, और इसे अपनाने वाले परिवारों का कल्याण निश्चित रूप से होता है। आयोजन में मनोज तिवारी, संतोष तिवारी, सुशील तिवारी, यज्ञनारायण यश तिवारी एवं प्रवीण तिवारी लगातार सेवा दे रहे हैं।


LOVE GROWTH LIBERTY
ST. FRANCIS HR. SEC. SCHOOL, BSP

# ST. FRANCIS HR. SEC. SCHOOL
Ameri Road, Bilaspur (C.G.)

The Management and Teachers of St. Francis Higher Secondary School, Ameri Road, Bilaspur, congratulate all the students and their proud parents for securing outstanding results in the C.B.S.E. All India Senior School Certificate Examination 2026.

School Toppers



RUQAIYA MANSOOR (96.6%) | ADYA GUPTA (95.8%) | KAVY ACHARYA (94.8%) | SHUBHIKA AGRAWAL (93.8%) | ANUSHKA JAISWAL (93.6%) | YOGYATA GUPTA (93.2%) | D.S. PRIYAL (92.8%)



DIPIKA DUHLANI (92.6%) | PRAKASH AGRAWAL (92.6%) | PRASANN AGRAWAL (92.6%) | AARYA VERMA (91.6%) | ALISHA AHMED (91.2%) | AASTHA SACHIN PARATE (90.6%) | ADITI AGRAWAL (90.2%)

## खबर संक्षेप

### जीएम ने किया आधारशिला विद्यालय भवन का लोकार्पण



**बिलासपुर।** एसईसीआर बिलासपुर जोन के जीएम तरुण प्रकाश ने आधारशिला विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व महिला कल्याण संगठन सेको की अध्यक्षा मीनाक्षी शर्मा भी मौजूद थीं। जीएम और सेको अध्यक्षा ने विद्यालय का अवलोकन करने के बाद बच्चों की ओर से किए जा रहे शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी लेने के बाद पौधरोपण भी किया। रेलवे महिला कल्याण संगठन सेको की ओर से संचालित आधारशिला विद्यालय का मुख्य उद्देश्य मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों का समुचित शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रदान कर उनका सर्वांगीण विकास करना एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। विद्यालय में वर्तमान में 20 बच्चों को विशेष शिक्षण पद्धति के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाता है, जिसमें खेल-खेल में सीखने की प्रक्रिया, दृश्य श्रव्य माध्यम, चित्रों एवं वीडियो आदि का उपयोग होता है। इस अवसर पर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी आदित्य कुमार सहित जोन के सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन की पदाधिकारी उपस्थित थे।

### उदय निधि के बयान के विरोध में पुतला दहन आज



**बिलासपुर।** तमिलनाडु के डीएम के नेता एवं विधायक उदय निधि स्टालिन के उत्तेजक एवं भड़काऊ बयान से हिन्दुओं में आक्रोश है। 12 मई को जिस प्रकार तमिलनाडु की विधान सभा में स्टालिन ने सनातन को समाप्त करने की बात कही एवं इसके पूर्व भी वह हिंदू समाज को डेंगू, मलेरिया कोरोना जैसी बीमारियां बता चुके हैं। इस प्रकार के आपत्तिजनक बयानों से हिंदू समाज में जबरदस्त आक्रोश है। वन्दे मातरम मित्र मंडल ने थाना सिविल लाइन और एसएसपी को ज्ञापन सौंप कर स्टालिन के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में महेन्द्र जैन, जय सिंह चंदेल, प्रफुल्ल मिश्रा, यतीन्द्र नाथ मिश्रा, पार्थो मुखर्जी, डॉ अवनीश त्रिपाठी, जगदीश प्रसाद साहू, नारायण गिरी गोस्वामी, धीरेन्द्र केसरवानी, मनोरंजन सिंह, लखन लाल गुप्ता, सतीश यादव थे। वन्दे मातरम मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र जैन ने बताया कि वन्दे मातरम मित्र मंडल 15 मई शुक्रवार को शाम 6 बजे श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पुराना बस स्टैंड पर उदय निधि स्टालिन का पुतला दहन एवं प्रदर्शन करेगा।

### मरीज व परिजनों का बैग पार सीसीटीवी में नजर आया चोर



**बिलासपुर।** मोहम्मद शाकिब इलाज के लिए गुरुवार को सिम्स पहुंचे हुए थे, इस दौरान के साथ उनकी पत्नी भी साथ में थीं, उन्होंने अपना बैग सिम्स परिसर में रखा और इलाज के लिए लाइन में लग गए और डाक्टर के कहने पर एक्से के लिए पहुंचे। इस दौरान उनका बैग परिसर में ही था। वहीं उनके पिता मोहम्मद सनसुद्दीन के पहुंचने के बाद परिजन ने भी अपना बैग रख दिया, लेकिन वार्ड में जाते ही 3 बैग पार हो गए, जिसमें रोजमर्रा के कपड़े, जरूरी सामान और कुछ रुपए भी थे। परिजन ने इसकी शिकायत चौकी में की है। घटना सिम्स में लगे सीसीटीवी में कैद हो चुकी है।

### मुख्य राजभाषा अधिकारी बने जावेद मजहर

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के प्रधान वित्त सलाहकार मोहम्मद जावेद मजहर ने गुरुवार को राजभाषा विभाग के मुख्य राजभाषा अधिकारी का अतिरिक्त पदभार ग्रहण किया है। मुख्य राजभाषा अधिकारी के रूप में मुख्य सामग्री प्रबंधक 1 शिवशंकर लकड़ा का कार्यकाल समाप्त होने पर उनके स्थान पर रेलवे बोर्ड नई दिल्ली की ओर से मोहम्मद जावेद मजहर को अगले एक वर्ष के लिए मुख्य राजभाषा अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का राजभाषा विभाग, मुख्य राजभाषा अधिकारी प्रधान कार्यालय बिलासपुर के प्रशानिक नियंत्रण के अंतर्गत कार्य करता है। इस विभाग को हिंदी, अंग्रेजी अनुवाद, हिंदी प्रशिक्षण और राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार के साथ संघ सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन का कार्य सौंपा गया है।

---

**बिलासपुर, रायपुर और नागपुर के स्टेशन शामिल** | **स्टेशनों को कैटेगेरी के हिसाब से ट्रेनों का स्टापेज भी निर्धारित है**

# जोन के 315 में 92 स्टेशनों पर न तो टिकिट काउंटर है और न ही बुकिंग की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीआर बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में छोटे बड़े स्टेशनों को मिलाकर 315 से अधिक स्टेशन आते हैं, जिसमें 92 ऐसे स्टेशन हैं, जिसे रेल प्रशासन के अफसरों ने पैसेंजर हॉल्ट का नाम दिया है। इन स्टेशनों पर न तो स्टेशन मास्टर की नियुक्ति हुई और न ही स्टेशन पर जनरल और आरक्षण काउंटर की सुविधा दी गई है। इन स्टेशनों पर टिकिट बिक्री करने के लिए निजी व्यक्ति से विशेष अनुरोध किया जाता है।

रेलवे बोर्ड के आदेश पर सभी 17 जोन में एक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन में शामिल किए गए स्टेशनों को कैटेगेरी के हिसाब से रखकर यात्रियों के लिए सुविधाएं प्रदान करने के साथ ही ट्रेनों का स्टापेज भी निर्धारित किया जाता है। ए प्लस से लेकर, ए और बी, सी कैटेगेरी के स्टेशनों पर ट्रेनों का स्टापेज ने प्लेटफार्म, शेड, एफओबी, वेटिंग, हॉल, खाने-पीने के लिए स्टॉल, जनरल टिकिट कार्यालय के साथ आरक्षण कार्यालय व अन्य व्यवस्था होती हैं। स्टेशन में दी गई व्यवस्थाओं के अनुसार यात्रियों को सुविधाएं भी मिल रही हैं, लेकिन ऐसे कई स्टेशन अभी भी एसईसीआर जोन में बने हुए हैं, जहां यात्रियों की संख्या तो अधिक है, लेकिन उन स्टेशनों पर यात्रियों को सुविधाएं तो दूर आरक्षण टिकिट भी नहीं मिल पाती है। एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में सफर करने के लिए यात्री तरसते रहते हैं। ऐसे बिलासपुर जोन में 315 स्टेशनों में से 92 स्टेशन शामिल हैं, जिन्हें रेलवे की ओर से पैसेंजर हाल्ट बनाया गया है। प्लेटफार्म की लंबाई चौड़ाई के अलावा पैसेंजर हॉल्ट स्टेशनों में किसी तरह की कोई सुविधा तो नहीं है और न ही इन स्टेशनों पर आरक्षण कार्यालय तो दूर एक बुकिंग काउंटर की भी सुविधा नहीं दी गई है।



सीट के लिए यात्रियों में मचती है होड़, यह नजारा हर स्टेशन में देखने को मिलता है।

### टिकिट बिक्री भी निजी व्यक्ति के पास

पैसेंजर हॉल्ट में एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टापेज तो नहीं दिया जा रहा है। यहां रेलवे ने अब तक अपना न तो आरक्षण कार्यालय ओपन किया है और न ही जनरल टिकिट काउंट की सुविधा भी अलग से दी है। स्टेशन में आने-जाने वाले और सफर करने वाले यात्रियों को टिकिट बिक्री करने के लिए निजी व्यक्ति को ठेका देकर रखा हुआ है, जो दिनभर में केवल 50 से 100 रुपए की कमाई बड़ी मुश्किल से कर पा रहा है।

---

**सर्वेक्षण 2024 में बिलासपुर को देश भर में मिला था दूसरा स्थान**

# स्वच्छता सर्वेक्षण की केन्द्रीय टीम कभी भी पहुंच सकती है लेकिन शहर इसके लिए तैयार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के लिए केन्द्र की टीम कभी भी बिलासपुर पहुंच सकती है। टीम 10 से अधिक बिंदुओं पर जांच करेगी, लेकिन शहर फिलहाल इसके लिए पूरी तैयार नहीं है। सबसे बड़ी बात यह कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में बिलासपुर को देश भर में दूसरा स्थान मिला था। ऐसे में चुनौती बड़ी है। इससे पहले 2023 में बिलासपुर 28वें स्थान पर था और आशंका इस बात की है कि इस बार रैंकिंग पिछड़ मत जाए।

फिलहाल हालत यह है कि कचरा कलेक्शन सभी वार्डो में नहीं हो रहा तो पूरा शहर खास तौर पर वाल पेटिंग और दीवारें बदरंग पड़ीं हैं। नालियों की सफाई ठीक से नहीं हो सकीं हैं तो नए वार्ड जो जुड़े हैं वह अभी भी बदहाली के शिकार हैं। खास तौर पर पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश,आंधी तुफान के कारण जो कचरा शहर में फैला है उसे नहीं उठाया जा सका है। ध्यान रहे कि केंद्रीय शहरी आवासन मंत्रालय ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के लिए टूल किट जारी कर दिया है। इस बार स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में कुल अंक बढ़ाकर 12,500 कर दिए गए हैं। इनमें 10,500 अंक स्थल आधारित मूल्यांकन से जुड़े हैं। ऐसे में रेड और येलो स्पॉट जैसे दृश्य रैंकिंग को ऊपर या नीचे ले जाने में भूमिका निभाएंगे। यानी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में शहरों की रैंकिंग अब साफ दिखाई देने वाली गंदगी से सीधे तय होगी। खुले में पेशाब से बनने वाले येलो स्पॉट और दीवारों पर पान-गुटखा से बने रेड स्पॉट अब केवल शिकायत तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि इनके आधार पर सीधे अंक कटेंगे और रैंकिंग प्रभावित होगी। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में येलो स्पॉट का आकलन नागरिकों की शिकायतों और स्वच्छता एप पर दर्ज फीडबैक के आधार पर होता था। 2025-26 में यह प्रक्रिया बदल दी गई है। येलो स्पॉट और रेड स्पॉट के लिए अलग-अलग 75 अंक तय किए गए हैं।

### यह है शहर की हालत

**डोर टू डोर कचरा कलेक्शन:** पूरे शहर में 100% घरों से कचरा उठाने की व्यवस्था का दावा किया जा रहा है। पुराने वार्डों में निजी कंपनी और नए वार्डों में स्वच्छता दीदियां काम कर रहीं ऐसा कहा जा रहा लेकिन नागरिकों के मुताबिक गाड़ियां पहुंचती ही नहीं।

**नई कचरा गाड़ियां:** नए जुड़े क्षेत्रों में कचरा कलेक्शन बेहतर करने के लिए 36 नई गाड़ियां खरीदी गई, जिससे कि पूरे शहर में कुल 162 गाड़ियां काम करने का दावा लेकिन शहर में तो ठीक लेकिन नए वार्डों की शिकायत रोजाना की जा रही है।

**स्वच्छता कर्मचारियों की बढ़ोतरी:** सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर 2063 की गई और सफाई क्षेत्र (बीट्स) को 750 तक बढ़ाया गया है लेकिन कर्मचारियों के नहीं पहुंचने की शिकायत लोग लगातार कर रहे हैं।

**स्वच्छता पेट्रोल टीम:** शहर में घूम-घूमकर गंदगी फैलाने वालों पर नजर रखने और जुर्माना लगाने वाली टीम बनाई गई है। इस टीम पर लगातार दुकानदारों से वसूली की शिकायत मिल रही है। कई बार विवाद की स्थिति भी बन चुकी है।

**शौचालयों का सुधार:** शहर के 79 सार्वजनिक शौचालयों का जीर्णोद्धार करते हुए सभी में फीडबैक मशीनें लगाई गईं थीं। अब शौचालय गंदे पड़े हैं तो मशीनें खराब हो गईं हैं।

**अवैध होर्डिंग्स पर कार्रवाई:** अवैध बैनर और होर्डिंग्स शहर की खूबसूरती को बिगाड़ रहे हैं। निगम का ध्यान इस तरफ बिलकुल नहीं है। एक दो मामले में पेनाल्टी और नोटिस जारी कर चुप्पी साध ली गई है। लिंक रोड, तारबहार, दयालबंद रोड और सरकंडा में अवैध बैनर और होर्डिंग्स देखे जा सकते हैं।

### टीम मौके पर जाएगी

मूल्यांकन टीम आवासीय, व्यावसायिक और सार्वजनिक इलाकों में खुद जाकर हालात देखेगी। मौके की फोटो और वीडियो लेकर वास्तविक स्थिति दर्ज की जाएगी। जहां भी गंदगी या पीले दाग नजर आएंगे, उसके नंबर कटेंगे। इसी तरह व्यावसायिक क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थानों, परिवहन केंद्रों, पर्यटन स्थलों और पार्कों में भी टीम जाएंगी।

### मौके पर होगा मूल्यांकन

नया ढांचा शहरों को केवल प्रतिक्रिया देने वाला नहीं, बल्कि पहले से स्वच्छता बनाए रखने वाला बनाने की दिशा में है। अब नगर निगमों को यह सुनिश्चित करना होगा कि गंदगी पैदा ही न हो। मूल्यांकन बिना पूर्व सूचना के मौके पर किया जाएगा।

### दूर की जाएंगी कमियां

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के लिए शहर पूरी तरह तैयार है। जो कमियां हैं उसे भी दूर कर लिया जाएगा। कोशिश रहेगी की इस बार देश भर में नंबर वन स्थान हासिल किया जा सके।

\- पूजा विधानी, महापौर

### चेकिंग के बहाने जेवर की ठगी, भागे दो युवक

**बिलासपुर।** चेकिंग के बहाने बाइक सवार एक व्यक्ति को रोककर दो युवकों ने लूटपाट हो रही है कहकर सोने की चेन, अंगूठी उतरवाकर हाथ की सफाई दिखाते हुए पीतल की चेन और अंगूठी कागज की पुड़िया में बांधकर दे दिया। पुलिस अपराध कायम कर मामले की जांच कर रही है।



तारबाहर पुलिस के अनुसार, सरकण्डा फ्रेंडस रेसीडेंसी नूतन चौक निवासी आशीष पाण्डेय पिता रामकुमार पाण्डेय 14 मई को घर से यूनियन बैंक पुराना बस हाईकोर्ट रोड जा रहे थे। सुबह 11 बजे सीएमडी कालेज के पास अज्ञात बाइक सवार दो युवक आए और उन्हें रोककर बोले। चेकिंग करने की बात करते हुए कहा कि तुम्हारी गाड़ी की डिक्की में मादक पदार्थ रखा है। उन्होने खिड़की खोलकर दिखाया। चेक करने के बाद युवकों ने कहा गले में सोने की चेन पहने हो यहां लूटपाट हो रही है। उसे निकालकर डिक्की में रख लो। उनकी बातों में आकर श्री पाण्डेय सोने की चेन, अंगूठी निकाल दी। उन्होंने युवकों के कहने पर उनके हाथ में रखे कागज में सोने की चेन, अंगूठी रख दिया। युवकों ने हाथ की सफाई दिखाते हुए कागज को पुड़िया में बांधकर उनकी डिक्की में रख दिया। उसके बाद दोनों युवक चले गए। कुछ दूर जाने के बाद श्री पाण्डेय कागज की पुड़िया खोलकर देखा तो उसमें पीतल की चेन व अंगूठी रखी थी। श्री पाण्डेय तारबार थाने जाकर घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अवैध वसूली: चार फर्जी पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** फर्जी पुलिसकर्मी बनकर ट्रक ड्राइवर से 8 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कराकर वसूली कर तम्बाकू की बोरी ले जाने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त कार व 9 बोरी तम्बाकू की बोरी जब्त किया गया है।



ज्ञात हो कि 5 मई को मध्य प्रदेश उमरिया निवासी ड्राइवर सुरेन्द्र जायसवाल ट्रक में तम्बाकू बोरी, गेंहू लोड कर छोड़ने व्यापार विहार व अकलतरा जा रहे थे। सुबह 8 बजे लोंखड़ी के पहले कार सवार युवकों ने गाड़ी रोककर अपने आपको पुलिसकर्मी बताते हुए गाड़ी के दस्तावेज में खामि बताते हुए कार्रवाई करने की बात कहकर ड्राइवर को अपने कार में बैठाकर 4 घण्टे तक इधर उधर घूमाते रहे। दोपहर 12 बजे युवक ड्राइवर को पुराना बस स्टैण्ड लेकर गए और डरा धमका कर उनसे ऑनलाइन 8 हजार रुपए ट्रांसफर कराकर छोड़ दिया और तम्बाकू बोरी अपने साथ ले गए थे। गाड़ी नम्बर के आधार पर सकरी टीआई विजय कुमार चौधरी ने स्टाप के साथ सिद्धार्थ साहू पिता राजेन्द्र साहू 24 साल छतौना, नारायण साहू पिता ईश्वर साहू 34 साल नयापारा सिरगिट्टी, ईस्माइल खान पिता अक्तर खान 31 साल भुण्डा कोटा, आनंद साहू उर्फ विक्रांत पिता बल्लू साहू 22 साल भुण्डा कोटा निवासी को पकड़कर वारदात में प्रयुक्त कार क्रमांक सीजी 10 बीडी 7204, 9 बोरी तम्बाकू जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

---

**एजुकेशन प्लस**

# कर्नल एकेडमी के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बिलासपुर।** कर्नल एकेडमी ऑफ रेडिएंट एजुकेशन के छात्रों ने सीबीएसई कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा 2025-26 में एक बार फिर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

प्रधानाचार्य संजय कुमार साहू ने बताया कि इसमें यशिका श्रीवास 93.6%, गौरी गुप्ता, 92.4% रिमी त्रिपाठी 92.2%, वंशिका मानिकपुरी 92.2%, उदयन मेनन 91.4%, आदर्श तिवारी 91%, श्रेयांशी झा, 89.6% आयुष सिंह 89.4%, रश्मी सिंह राजपूत 89.4%, विपुल उथरा 89% अंक प्राप्त करने में सफलता पाई है। उन्होंने बताय कि विद्यालय को यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि कुल 16 छात्रों ने 85% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 46 छात्रों ने विशिष्टता के साथ उत्तीर्ण होकर संस्थान का नाम रोशन किया। यह उत्कृष्ट परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत, समर्पण, अनुशासन और लगन के साथ-साथ शिक्षकों और अभिभावकों के निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग का परिणाम है। इस अवसर पर, निदेशक डॉ. गीता त्रिपाठी, प्रबंध निदेशक कैप्टन आर. के. त्रिपाठी, सचिव आशीष राज त्रिपाठी, प्रधानाचार्य संजय कुमार साहू, उप प्रधानाचार्य आराधना सिंह सभी शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने सफल विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य शुभकामनाएं दीं।



### आचार्य इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया सफलता का परचम

**बिलासपुर।** आचार्य इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12 वीं बोर्ड परीक्षा में सफलता का परचम लहराया है। संस्थान के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि बिलासपुर और मुंगेली क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। इस वर्ष संस्थान की छात्रा आद्य गुप्ता ने 95.80% अंक प्राप्त की है। वहीं अदिति क्रिसमक्स ने 93%, प्रसन अग्रवाल – 92.60%, प्रकाश अग्रवाल 92.60%, अलिया शेख असलम 92%, राघव सिंह चंदेल 91.60% और भूमिका दुबे 91.20% अंक प्राप्त कर संस्थान को गौरवान्वित किया। संस्थान के डायरेक्टर संदीप द्विवेदी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की लगन और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आचार्य इंस्टीट्यूट आगे भी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा। एक बार फिर आचार्य इंस्टीट्यूट ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देकर यह सिद्ध कर दिया कि सही मार्गदर्शन, मेहनत और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।



### महर्षि विद्या मंदिर के विद्यार्थियों को मिला 80% से अधिक अंक

**बिलासपुर।** बिलासपुर के महर्षि विद्या मंदिर स्कूल की महिमा कुशवाहा ने 93.2 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। व हीं भू मि का जायसवाल ने 85.8%, साध्वी राजपूत ने 85.2%, अंकिता साहू ने 85%, अथर्व दीक्षित ने 84.8%, विजिया डोंगरे ने 83.4%, साक्षी शर्मा ने 82.8%, विशिष्ठ जैन ने 81.8%, प्रणव कुमार कुशवाहा ने 81%, तपस्या धोलू ने 80.4%, निष्ठा त्रिपाठी ने 80%, वंश हिंदुजा ने 80% तथा आरुषि पटेल ने 80% अंक प्राप्त किए। योगा में महिमा कुशवाहा ने 99 अंक प्राप्त किए। भूमिका जायसवाल ने 96 अंक, हिंदी में भूमिका जायसवाल, साध्वी राजपूत और अंकिता साहू को 96 अंक, इंग्लिश में महिमा कुशवाहा और अथर्व दीक्षित को 95 अंक मिले। ए.आई. में विजिया डोंगरे ने 96, आई.टी. में साक्षी शर्मा ने 86, म्यूजिक में विशिष्ठ जैन ने 94, बायोलॉजी और केमिस्ट्री में महिमा कुशवाहा ने 94-94 अंक प्राप्त किए। मैथेमेटिक्स में प्रणव कुमार कुशवाहा ने 85, फिजिक्स में महिमा कुशवाहा ने 84, बिजनेस स्टडीज़ में तपस्या धोलू ने 93 अंक प्राप्त किया है।



### अरपा रिवर वैली इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों को मिले 90 प्रतिशत तक अंक

**बिलासपुर।** 12 वीं बोर्ड सीबीएसई परीक्षा में अरपा रिवर वैली इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों को 90 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने में सफलता मिली है। यहां के छात्रों ने एक बार फिर शानदार बोर्ड रिजल्ट के साथ संस्था ने अपनी अकादमिक क्वालिटी साबित की है। इस वर्ष स्कूल की छात्रा अनुष्का अग्रवाल ने 96% अंक प्राप्त कर टॉप प्रदर्शन किया, वहीं वृद्धि छाबड़ा ने 95% अंक हासिल किए। दीक्षा भगत ने 91.6%, प्रियंक अग्रवाल और आयुष अग्रवाल ने 91.4% अंक प्राप्त की। स्कूल प्रबंधन के अनुसार कई अन्य विद्यार्थियों ने भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।



### न्यू इंडिया स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम

**बिलासपुर।** द न्यू इंडिया हायर सेकेंडरी स्कूल बेलतुकरी गनियारी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय की सारा सिंह ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम रही। हर्षील साहू ने 88.8%, शुभांश गौतम ने 88.4%, दिविज कुमार डुमपाला ने 86.4% तथा आनंद स्वरूप ने 86.2% अंक अर्जित किए। वहीं मुस्कान चौधरी ने 86%, अंकित कुमार गिरी ने 85%, ख्याति मिश्रा ने 83.2% और अंकिता कुर्रे ने 81.8% अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। विद्यालय प्रबंधन ने बतासा कि विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए नर्सरी से कक्षा 12वीं तक प्रवेश प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है।



### भाजपा नेताओं ने सफल विद्यार्थियों को घर पहुंचकर दी शुभकामनाएं

**बिलासपुर।** भारतीय नगर में निवासरत छात्रों ने सीबीएसई-माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इसमें देव प्रताप सिंह कक्षा 12वीं, 93.02%, मान्य सिंह ठाकुर कक्षा 12वीं, 87.4%, यथार्थ सिंह 10वीं, 89.8% अंक प्राप्त किया है। इन मेधावी छात्रों की सफलता पर भाजपा के जिला पदाधिकारियों की टीम उनके निवास पर पहुंची और परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। टीम में जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह भोगल, जिला मंत्री चंदन गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, जिला संयोजक अमित चतुर्वेदी एवं मंडल उपाध्यक्ष संजय गुप्ता शामिल रहे।



### आकांक्षा, वेदांश भी सफल

**बिलासपुर।** लोयला स्कूल की छात्रा आकांक्षा दास बंजारे को 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में 98% अंक मिला है। वार्ड क्र 46 के पूर्व पार्षद अमरदास बंजारे की पुत्री है। वहीं 12वीं में वेदांश त्रिपाठी ने 90% अंक हासिल किया। वे नितिन त्रिपाठी एवं मधु त्रिपाठी के सुपुत्र हैं। कॉमर्स में विद्यालय का मान बढ़ाया।



**आवश्यकता है**

**ममतामयी मिनीमाता कला एवं विज्ञान महाविद्यालय लोरमी में**

**सहायक प्राध्यापक:-** (1) रसायन शास्त्र (2) अंग्रेजी (3) गणित (4) भौतिक शास्त्र (5) हिन्दी, प्रत्येक एक- एक पद

**योग्यताएँ:-** एम.ए., एम.एससी., नेट, स्लेट एवं पी.एचडी.

**टीप:-** यह नियुक्ति परिनियम 28 के तहत होगी।
वेतनमान- यू.जी.सी. के अनुसार देय होगी। प्रकाशन तिथि से सात दिवस के अंदर आवेदन महाविद्यालय में पहुँच जाना चाहिए। आरक्षण नियमों का पालन किया जाएगा।

प्राचार्य
ममतामयी मिनीमाता कला एवं विज्ञान महाविद्यालय लोरमी

---

**शोध, कला-संस्कृति और साहित्य के क्षेत्र में संयुक्त कार्य करने पर बनी सहमति**

# रमन विवि पहुंचा जिंबॉब्वे का प्रतिनिधिमंडल, सांस्कृतिक सहयोग को मिली दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में जिंबॉब्वे से आए प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन एवं प्रतिनिधिमंडल के बीच उच्च शिक्षा, शोध, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, साहित्य, कला और विद्यार्थियों के एक्सचेंज प्रोग्राम को लेकर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोग विकसित करने पर सहमति व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुसंधान गतिविधियों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, नवाचार केंद्र तथा भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े कार्यों का अवलोकन किया। प्रतिनिधियों ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण और विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की। बैठक में तय किया गया कि आने वाले समय में दोनों देशों के बीच विद्यार्थियों और शिक्षकों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।



### विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं के लिए नई संभावनाएं : कुलपति

कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने शिक्षा, खेल, शोध, योग सहित सभी विषयों पर वैश्विक ख्याति अर्जित की है। विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं के लिए नई संभावनाएं हैं।

### शोध एवं शिक्षा का नया वैश्विक मंच बनेगा: कुल सचिव

कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि जिंबॉब्वे के विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय में स्वागत किया जाएगा। पूर्व में ही विश्वविद्यालय में भूटान नेपाल के विद्यार्थी अध्यनरत हैं जिंबॉब्वे से जोड़ने पर विश्वविद्यालय में शोध एवं शिक्षा का नया वैश्विक मंच बनेगा जिससे दोनों देशों के विद्यार्थियों को लाभ होगा। यह शैक्षणिक और सांस्कृतिक सहभागिता विद्यार्थियों को वैश्विक सोच और विविध संस्कृतियों को समझने का अवसर देगी। समकुलपति डॉ. जयंती चटर्जी ने कहा कि इससे दोनों देशों के विद्यार्थियों के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### भरूहागुड़ा में सीसी रोड निर्माण शुरू



मुंगेली। ग्राम पंचायत भरूहागुड़ा के आश्रित ग्राम मजगांव में सीसी रोड निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया, जिसका भूमिपूजन जनपद सदस्य तरुण पाटले ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ग्राम पंचायत के सरपंच संग्राम गर्ग, उप सरपंच धनु प्रसाद बंजारा, ग्राम सचिव पूनम टंडन, चंद्रभान पाटले, प्रमोद नारायण एवं सभी ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### नाई समाज की बैठक में सामाजिक पहलुओं पर चर्चा



मुंगेली। सर्व नाई समाज के जिला अध्यक्ष राजीव श्रीवास के नेतृत्व में शिव घाट सामाजिक मंदिर प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में सामाजिक संगठन विस्तार एवं आगामी समय में होने वाले कार्यक्रमों की परिचर्चा तथा शासन की योजनाओं को प्रत्येक सामाजिक लोगों तक पहुंचाने के विषय में प्रमुखता से चर्चा की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष राजीव श्रीवास, सीताराम श्रीवास, मोहनलाल श्रीवास, रमेश कुमार श्रीवास, चंद्रकुमार श्रीवास एवं लोरमी से कमलेश श्रीवास, प्रदीप श्रीवास, कैलाश श्रीवास, दीपक श्रीवास, सुरेंद्र श्रीवास, प्रमोद श्रीवास, संतोष श्रीवास, पवन श्रीवास, सुरेश श्रीवास पूर्व पार्षद, आनंद श्रीवास, चंद्रप्रकाश श्रीवास, विनोदश्रीवास, भानु श्रीवास, बबलू श्रीवास, रोशन चंद्र सेन आदि उपस्थित रहे।

### लोक अदालत में उजड़ा परिवार फिर से बसा



मुंगेली। नेशनल लोक अदालत में परिवार न्यायालय के समक्ष रखे गए प्रकरण में पति-पत्नि के मध्य राजीनामा करवाकर प्रकरण का निपटारा किया गया। प्रकरण की आवेदिका एवं अनावेदक का विवाह वर्ष 2015 में संपन्न हुआ था। उनके विवाहित जीवन से उन्हें 3 संताने प्राप्त हुईं। विवाह के पश्चात, पति की शराब पीने की आदत एवं अन्य महिला से संबंध होने के कारण पति का व्यवहार अपनी पत्नी एवं संतानों के प्रति क्रूरतापूर्ण हो गया एवं पति ने पत्नी से झगड़ा कर, पत्नी व नाबालिग संतानों को घर से निकाल दिया। इसके कारण से पत्नी अपने बच्चों सहित, अपने मायके जाकर रहने लगी। प्रकरण में परिवार न्यायालय के पीठासीन अधिकारी राजीव कुमार ने पति एवं पत्नी के मध्य काउंसलिंग कर उन्हें पुराने विवादों को भुलकर जीवन को नए सिरे से शुरू करने के संबंध में एवं पति-पत्नि के रूप में साथ रहने के संबंध में समझाईश दी। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए एवं उभयपक्षों की सहमति से प्रकरण का नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकरण किया गया।

### गायत्री परिवार के प्रतिनिधि मंडल ने की कलेक्टर से भेंट



भर्रीडांड़। अखिल विश्व गायत्री परिवार जीपीएम के जिला समन्वयक हरि प्रसाद पटेल एवं गायत्री प्रज्ञा पीठ मरवाही के मुख्य ट्रस्टी सुमनलता यादव के नेतृत्व में 14 मई को एक प्रतिनिधि मंडल ने जिले के नवनियुक्त कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ संतोष कुमार देवांगन से उनके कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान गायत्री परिवार के सदस्यों ने कलेक्टर का आत्मीय स्वागत किया। मुलाकात के दौरान जिला कलेक्टर डॉ संतोष कुमार देवांगन ने गायत्री परिवार द्वारा 'धर्मतंत्र से जन-जागरण' की दिशा में किए जा रहे महान कार्यों की सराहना की। इस दौरान गायत्री परिवार के विभिन्न केंद्रों के मुख्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिनमें हरि प्रसाद पटेल, सुमन लता यादव, डॉ प्रवीण राय, राजेंद्र प्रसाद सोनी, नेमसिंह राठौर, सारनाथ यादव, केशरी यादव सहित अन्य प्रबुद्ध परिजन और गायत्री साधक उपस्थित थे।

## सड़कों और नालियों की हुई सफाई, हटा कचरे का ढेर

# बरेला पंचायत में सफाई का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव




बजबजाती नालियों और कचरे के ढेर ने खोली प्रशासन की पोल, विकास के दावे फेल

बरेला पंचायत में बदहाल सफाई व्यवस्था से जनता बेहाल

सफाई कार्य में जुटे पंचायतकर्मी एवं हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

बरेला नगर पंचायत की बदहाल सफाई व्यवस्था, बजबजाती नालियों और जगह-जगह फैले कचरे को लेकर हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित खबर ने आखिरकार प्रशासन की नींद तोड़ दी। खबर प्रकाशित होते ही नगर पंचायत में हड़कंप मच गया और सीएमओ तत्काल सफाई अमले के साथ मैदान में उतर आए।

वर्षों से गंदगी, बदबू और अव्यवस्था का दंश झेल रही जनता की आवाज जब अखबार के माध्यम से सामने आई तो जिम्मेदार अधिकारियों को जवाब देना मुश्किल पड़ गया। खबर के बाद नगर पंचायत द्वारा आनन-फानन में सफाई अभियान चलाकर सड़कों, नालियों और पानी टंकी के आसपास जमा कचरे को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। जेसीबी ट्रैक्टर और सफाई कर्मचारियों की टीम लगाकर कचरे के ढेर उठाए गए तथा बजबजाती नालियों की सफाई कराई गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि, जिस गंदगी को लेकर महीनों से शिकायतें की जा रही थीं, उस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा था। लेकिन मीडिया में मामला उजागर होते ही प्रशासन तुरंत सक्रिय हो गया। इससे साफ जाहिर होता है कि अधिकारियों की नींद केवल खबर छपने के बाद ही खुलती है। नगरवासियों ने सवाल उठाया है कि, पहले ही नियमित सफाई व्यवस्था पर ध्यान दिया जाता, तो नगर को इस शर्मनाक स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता। लोगों का कहना है कि, नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी कार्यालयों तक सीमित रहे और जमीनी हालात देखने की जरूरत तक महसूस नहीं की। परिणामस्वरूप वार्डों में गंदगी का अंबार लग गया, नालियां जाम हो गईं और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ता चला गया। खबर के बाद सीएमओ ने सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश देते हुए कर्मचारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा है। हालांकि अब जनता यह देखने इंतजार कर रही है कि, यह सफाई अभियान केवल दिखावा साबित होगा या नगर को वास्तव में स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। नगर पंचायत बरेला में अभी सफाई वाहन की स्थाई व्यवस्था नहीं है, सीएमओ द्वारा वाहन की व्यवस्था कर सफाई के साथ कचरा उठाया जा रहा है।



## कलेक्टर ने किया निर्माणाधीन कंपोजिट बिल्डिंग का निरीक्षण

पेंड्रा। कलेक्टर डॉ संतोष कुमार देवांगन ने निर्माणाधीन कंपोजिट बिल्डिंग का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने भवन निर्माण की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने और गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुकेश रावटे, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण नित्या ठाकुर सहित संबंधित इंजीनियर एवं अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान अधिकारियों ने उन्हें निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति एवं आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि, कंपोजिट बिल्डिंग के निर्माण पूर्ण होने से विभिन्न विभागों के कार्यों का बेहतर समन्वय होगा तथा आम नागरिकों को सुविधाजनक वातावरण में सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

# वन कर्मचारी संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर



छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ संभाग बिलासपुर ने वन कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर वृत्त को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द निराकरण की मांग की है। संघ ने आरोप लगाया है कि, विभाग में स्थानांतरण नीति के विपरीत कार्य आबंटन एवं अन्य कारणों के नाम पर नियम विरुद्ध स्थानांतरण किए जा रहे हैं।

संघ द्वारा सौंपे गए प्रतिवेदन में कहा गया है कि, शासन एवं विभागीय निर्देशों के बावजूद वनक्षेत्रपाल से लेकर वनरक्षक तक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्थानांतरण प्रतिबंधित अवधि में किए जा रहे हैं, जिस पर सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा भी असहमति व्यक्त की जा चुकी है। इसके बावजूद अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा नियमों के विरुद्ध आदेश जारी किए जा रहे हैं। संघ ने बताया कि, इस संबंध में पूर्व में आयोजित परामर्शदात्री बैठकों एवं मौखिक चर्चाओं में कई बार समस्याएं उठाई गईं, लेकिन अब तक किसी प्रकार की सार्थक कार्रवाई नहीं की गई है। इसे लेकर संघ ने कड़ी नाराजगी जताई है।

वन कर्मचारी संघ ने मांग की है कि, विभाग द्वारा जारी सभी नियम विरुद्ध स्थानांतरण आदेश तत्काल निरस्त किए जाएं तथा कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। साथ ही संघ ने चेतावनी दी है कि, यदि 7 दिवस के भीतर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो बिलासपुर वृत्त के समस्त वन कर्मचारी एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन करेंगे। साथ ही समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन करने की बात भी कही गई है, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## ऑनलाइन बिक्री पर भारी छूट से दवा विक्रेता संघ में असंतोष

मुंगेली। ऑनलाइन दवा विक्रेता कंपनियों द्वारा दी जा रही भारी छूट एवं बाजार में बिक रही नकली दवाओं के विरोध में ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर 20 मई को देश भर की 12.40 लाख दवा दुकानों के साथ जिले के 700 मेडिकल स्टोर भी बंद रहेंगे।

जिला औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष निरंजन अग्रवाल ने बताया कि, ऑनलाइन कंपनियां 20 से 50 प्रतिशत तक की छूट देकर ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। इससे स्थानीय केमिस्टों का 8 से 10 करोड़ का मासिक कारोबार प्रभावित हो रहा है।



उक्त मांगों को लेकर संघ के पदाधिकारियों ने डिप्टी कलेक्टर चन्द्रा को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अध्यक्ष निरंजन अग्रवाल, सचिव विवेक केशरवानी, प्रदेश संगठन सचिव सुरेश शर्मा, अमित नागदेव, विनोद नागदेव, अमरीक सिंह, गोविंद देवांगन, नरेंद्र राजपूत उपस्थित रहे।

# बच्चों, महिलाओं को पोषण आहार शैक्षणिक सामग्री का वितरण



रतनपुर। क्षितिज समाज संस्था द्वारा ग्रामीण एवं विशेष जनजातीय क्षेत्रों में सामाजिक सेवा अभियान चलाते हुए आदिवासी बच्चों एवं कुपोषित महिलाओं के बीच निशुल्क सामग्री का वितरण किया गया। संस्था की ओर से प्राइमरी प्री-स्कूल के माध्यम से पोषण आहार, राशन सामग्री, पाठ्य पुस्तकें, स्कूल बैग सहित अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की गई।

यह कार्यक्रम ग्राम नवागांव जनपद पंचायत कोटा तथा ग्राम सिल्ली बाधियापारा, करीछापर एवं पोलमी जनपद पंचायत पाली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों एवं बच्चों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रतिनिधि अशोक मरावी, ज्ञानाधार शास्त्री, भुनेश्वर मरावी, वन अधिकार समिति के अध्यक्ष ज्ञान सिंह एवं ग्राम सिल्ली की सरपंच संध्या उरांव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अतिथियों ने संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि, जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा एवं पोषण को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के कार्य अत्यंत आवश्यक हैं।

### बेरोजगारों के लिए सुनहरा मौका, रोजगार मेला 22 को

मुंगेली। जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा 22 मई को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज परिसर जमकोर में सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक आयोजित होगा। रोजगार मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मीटर टेक्नीशियन के 50 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसके लिए 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा एवं ग्रेजुएट अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। वहीं बजाज लाइफ इंश्योरेंस द्वारा सेल्स मैनेजर के 5 पदों तथा इंश्योरेंस एजेंट के 25 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सेल्स मैनेजर पद हेतु 12वीं उत्तीर्ण तथा इंश्योरेंस एजेंट पद हेतु 10वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी पात्र होंगे। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ उठा सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि, रोजगार मेले में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए जिला रोजगार कार्यालय का पंजीयन कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

## केंद्र सरकार पर कांग्रेसियों ने साधा निशाना, बताया विफल

मुंगेली। देश में बढ़ती महंगाई, ईंधन संकट और रोजमर्रा की जरूरतों पर बढ़ते खर्च के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से की गई अपील को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने पत्रकार वार्ता आयोजित की।




रेस्ट हाउस में बिलासपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी ने पत्रकार वार्ता में कहा कि, प्रधानमंत्री ने हाल ही में नागरिकों से पेट्रोल-डीजल और गैस की खपत कम करने, किसानों को उर्वरकों का सीमित उपयोग करने, कामकाजी वर्ग को वर्क फ्रॉम होम अपनाने, महिलाओं को खाद्य तेल और गैस की बचत करने, सोना खरीदने से बचने और विदेश यात्रा टालने की सलाह दी थी, जो सरकार की विफलता को दर्शाता है। उन्होने कहा कि, जब देश पहले से ही ईंधन और गैस की कमी तथा महंगाई की मार झेल रहा है, तब इस तरह की सलाह आम लोगों की परेशानियों को और बढ़ाने वाली है। कृषि क्षेत्र को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के कई हिस्सों में पहले से ही उर्वरकों की कमी बनी हुई है, जिससे किसानों की उत्पादकता प्रभावित हो रही है। ऐसे में उर्वरक उपयोग कम करने की अपील किसानों के हित में नहीं मानी जा रही। छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में उर्वरक आपूर्ति को लेकर भी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। महंगाई के मुद्दे पर सरकार विपक्ष के निशाने पर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में पिछले वर्षों में लगातार बढ़ोतरी हुई है, जिससे परिवहन और दैनिक उपभोग की वस्तुओं के दाम भी बढ़े हैं। साथ ही, बेरोजगारी और घटती आय के चलते आम नागरिकों की आर्थिक स्थिति कमजोर हुई है और कई परिवार कर्ज लेने को मजबूर हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, संजीत बनर्जी, शहर अध्यक्ष दीपक गुप्ता, हेमेंद्र गोस्वामी, दिलीप बंजारा, अभिलाष सिंह, नरेश पाटले, विष्णु खांडे, जागेश्वरी वर्मा, उर्मिला यादव, अनीता विश्वकर्मा, जलेश यादव, श्रीनिवास ठाकुर, रमेश राजपूत, लक्ष्मी नारायण, कौशल धृतलहरे सहित बडी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहें।

# जुए के फड़ पर पुलिस ने मारा छापा, 10 गिरफ्तार



लालपुर। जिले में अवैध गतिविधियों पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन बाज' के तहत लालपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम परसाकापा में जुए के फड़ पर दबिश देकर पुलिस ने 10 जुआरियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से नगदी, ताश की गड्डी एवं जुए में उपयोग की जा रही सामग्री जब्त की गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में जिलेभर में जुआ, सट्टा, अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना लालपुर एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने जुए के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। दरअसल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि, ग्राम परसाकापा के एक खेत में कुछ लोग 52 पत्ती ताश के सहारे रुपए-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और घेराबंदी कर 10 आरोपियों को पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने फड़ एवं आरोपियों के पास से दो प्रकरणों में कुल 18 हजार 500 रुपए नकद, एक बोरा फट्टी तथा 52 पत्ती ताश जब्त किया। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई। साथ ही आरोपियों पर पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है।

### पकड़े गए आरोपी

पकड़े गए आरोपियों में डुबनदास जांगड़े, लक्ष्मीनारायण टंडन, राजकुमार डहरिया, दुर्गेश सोनवानी, विक्की कुमार डिंडोर, रामजी डहरिया, रामगोपाल बर्मन, ईश्वर कोशले, प्रमोद कुमार घृतलहरे और संजय कोशले शामिल हैं।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शुभ डेवलपर्स, एक पार्टनरशिप फर्म, जिसका मुख्य कार्यालय सत्यम चौक, सुमित बाजार के सामने, बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित है, के वर्तमान साझेदार निम्नलिखित हैं :- 1. श्रीमती सतिन्दर कौर, उम्र 70 वर्ष पिता अवतार सिंह, निवासी- गंगानगर, सेक्टर-2, मंगला, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. 2. मोहित मोटवानी, उम्र 23 वर्ष, पिता राजेश मोटवानी, निवासी मकान नं. 15, शहीद गोपीचंद बस्ती, तालापारा, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

उक्त फर्म के नाम पर मौजा भरनी, रा.नि.मं. पेन्डरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि को वर्तमान भागीदारों से क्रय किया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप फर्म का पुनर्गठन किया जा रहा है, जिसके तहत वर्तमान भागीदार श्रीमती सतिन्दर कौर एवं मोहित मोटवानी फर्म से पृथक/ रिटायर होंगे तथा नये भागीदार-1. हर्षद गुप्ता, उम्र 35 वर्ष, पिता राकेश गुप्ता, निवासी- दयालबंद पंजाबी कॉलोनी, बिलासपुर छ.ग., 2. योरेश गुप्ता, उम्र 21 वर्ष, पिता योगेश गुप्ता, निवासी-अमेरी चौक, बिलासपुर, 3. रितेश अग्रवाल, उम्र 38 वर्ष पिता अशोक अग्रवाल, निवासी- यदुनंदन नगर, बिलासपुर छ.ग. 4. शरद मुरारका, उम्र 48 वर्ष, पिता रामस्वरूप मुरारका, निवासी विद्या नगर, बिलासपुर छ.ग., 5. राकेश तिवारी, उम्र 54 वर्ष पिता स्व. सतानंद तिवारी, निवासी-कुम्हारपारा, बिलासपुर छ.ग. 6. राहुल अग्रवाल, उम्र 45 वर्ष पिता राधेश्याम अग्रवाल, निवासी अग्रवाल कॉलोनी, प्रियदर्शिनी नगर, बिलासपुर छ.ग. एवं 7. नीतीकेश गुप्ता, उम्र 35 वर्ष पिता राकेश गुप्ता, निवासी- दयालबंद पंजाबी कॉलोनी, शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के पास, बिलासुर छ.ग. फर्म में सम्मिलित होकर कार्य/व्यवसाय का संचालन करेंगे। फर्म का नाम शुभ डेवलपर्स यथावत रहेगा। **फर्म का नया पता- बजरंग काम्पलेक्स के पीछे, मेन रोड, इमलीपारा, बिलासपुर छ.ग. हो जावेगा।**

अतः यदि किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक या अन्य को उक्त संपत्ति या फर्म के पुनर्गठन के संबंध में कोई आपत्ति हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज कराएं, बाद की आपत्ति विधि मान्य नहीं होगी। सो आम सूचना जाने।

**योगेश मुदलियार, अधिवक्ता**
**CG/217/2016/adv.**
**R/o. रामायण चौक, चांटीडीह बिलासपुर (छ.ग.) मो. 9770898800**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) मस्तूरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**//नोटिस//**

अपील प्र.क्र./202602071300006 /अ-27 /2025-26
ग्राम-खांड़ा, प.ह.नं. 06, तहसील सीपत

1. अजय पिता लहुरमन 2. कारी बाई पिता चैतू 3. लक्ष्मीनारायण पिता लहुरमन 4. छहुरा राम यादव पिता चैतु 5. लक्ष्मी पिता लहुरमन सभी निवासी ग्राम खांड़ा, तहसील सीपत, जिला बिलासपुर (छ.ग.) ........ आवेदकगण

**विरूद्ध**

1.अनिल कुमार पिता लहुरमन 2.चंदा पिता लहुरमन 3.चांदनी पिता लहुरमन 4.रजनी पिता लहुरमन 5.सूरज पिता लहुरमन 6. फिरंतीन बाई पति लहुरमन सभी निवासी चिंगराज पारा बिलासपुर छ.ग........ उत्तरवादीगण।

एतद् द्वारा अनावेदकगणों को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण अजय पिता लहुरमन वर्ग निवासी ग्राम खांड़ा, तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर छ0ग0 के द्वारा इस न्यायालय में मौजा खांड़ा, प.ह.नं.05, रा.नि.मं. खम्हरिया, तहसील सीपत स्थित भूमि खसरा नंबर 226/2. 100/2, 107/2 कुल खसरा संख्या 03, कुल रकबा 0.3890 हेक्ट.भूमि के संबंध में न्यायालय नायब तहसीलदार सीपत के राजस्व प्रकरण कमांक आर.डी. 202425400214500013/अ-27 पारित आदेश दिनांक 15.05.2025 के विरूद्ध भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44(1) के तहत अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 28.05.2026 के लिए नियत है।

अतः आपको समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि नियत तिथि को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

आज दिनांक 14/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा0) मस्तूरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सरकण्डा तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**-: सूचना :-**

क्र./ /तह./रा.नि./सीमा./2026
सरकण्डा, दिनांक 08/05/2026

प्रति. 1. आवेदक श्री संजय यादव पिता स्व. अधिन यादव निवासी राजेन्द्रनगर 2. श्री जयंत मनहर पिता स्व. भगतराम मनहर निवासी नेहरूनगर 3. श्री रवि मसीह, श्यामलाल मसीह 4. श्री आलमदास सोनवानी, आगरदास सोनवानी 5. श्री अगमदास सोनवानी, कालीराम सोनवानी 6. श्री वी. शिवा नायडू पिता स्व. अशोक नायडू 8. अन्य हितबद्ध, पक्षकार बहोरिक, मनोज, विनोद, ओमप्रकाश, दिलीप सूर्यवंशी 9. श्री शुभांजली साहू, प्रमोद कुमार साहू, 10. दौलत लाल जी, सुखीराम साहू

विषयः- सीमांकन के समय उपस्थित होने की सूचना बावत्।

संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार/अति. तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन क्रमांक / / तह./रीडर/2026 बिलासपुर, दिनांक 9/4/2026 रा.प्र.क्र.

संदर्भित पत्र अनुसार आवेदक/ संजय यादव पिता स्व. अधिन यादव निवासी राजेन्द्रनगर, बिलासपुर द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत ग्राम मंगला प.ह.न. 35 रा.नि.म. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.न. रकबा 276/2 रकबा 0.0490 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन हेतु न्यायालय अति. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन न्यायालय अति. तहसीलदार बिलासपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 19/05/2026 को सुबह/दोपहर / शाम, समय 11 से 05 बजे से निर्धारित किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपुर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

टीपः- विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन हो सकता है।

उपरोकत सीमांकन हेतु टीम गठन किया गया है, अतः गठित टीम द्वारा सीमांकन की कार्यवाही की जायेगी।

राजस्व निरीक्षक
सरकंडा तहसील बिलासपुर

**आम-सूचना**

मैं अपने पक्षकार श्री महेश्वर कुमार निषाद उम्र 38 वर्ष पिता श्री आजूराम निषाद निवासी पौनी, पुलिया रोड पारा, तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आमसूचना प्रकाशित करता हूँ। मेरे उक्त पक्षकार (क्रेता) के द्वारा अभिलाष मसीह पिता कलीराम मसीह निवासी फ्लैट नं. ए-903, ई-2, सेक्टर-8ए, स्काई विलास, कमल विहार, देवपुरी, जिला रायपुर (छ.ग.) (विक्रेता) के स्वामित्व की भूमि मौजा अमसेना, रा.नि.मं. अमसेना, तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.),जिसका खसरा नंबर 631/3 रकबा 0.2931 हेक्टेयर को दिनांक 17/01/2025 को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया है। नामान्तरण प्रक्रिया लंबन के दौरान उक्त अभिलाष मसीह (विक्रेता) ने उक्त भूमि को फर्जी तरीके से नीरज कुमार राम पिता शंकर राम निवासी रेल्वे कालोनी बिलासपुर के पास पुनः विधि-विरूद्ध विक्रय कर दिया। उक्त भूमि के संबंध में न्यायालय श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तखतपुर ने मेरे पक्षकार के पक्ष में उक्त भूमि का नामांतरण किये जाने का आदेश पारित किया है, जिसके परिपालन में मेरे पक्षकार ने न्यायालय उप तहसील सकर्रा में नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है जो लंबित है। फिर भी नीरज कुमार राम उक्त भूमि को किसी अन्य व्यक्ति को बेचने का प्रयास कर रहे हैं।

आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि को कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, आदि क्रय/बंधक/रजिस्ट्री न करावें। उक्त भूमि की क्रय-विक्रय यदि किसी के द्वारा किया जाता है तो वह विधि विरूद्ध होगा एवं समस्त जवाबदारी उसके स्वयं की होगी। सो सूचना जाने दिनांक :.....

**भवदीय**
**शिवनाथ श्रीवास अधिवक्ता / नोटरी**
**राजकिशोर नगर बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.: 9827115359**

**आम-सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्रीमति ललातीन सूर्यवंशी पति श्री अनिल कुमार सूर्यवंशी, उम्र 57 वर्ष, जाति सूर्यवंशी, व्यवसाय कृषि, निवासी जरहाभाठा, बढाईचाल, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ के स्वत्व, स्वामित्व की भूमि खसरा नं. 729/4 रकबा 0.0730 हेक्टेयर भूमि ग्राम खमतराई, प.ह.नं. 25, रा.नि.मं. कोनी, तह. एवं जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है, जिसे भूमिस्वामी द्वारा मेरे आसामी के पास विक्रय करने का पक्का सौदा तय करके एडवांस प्राप्त किया गया है। उक्त भूमि की रजिस्ट्री पंजीयन कार्यालय के समक्ष निकट भविष्य मे होना निश्चित है, यदि उक्त खसरा नं. की भूमि के विक्रय के संबंध मे किसी बैंक, निकाय, वित्तीय संस्था, फर्म, सोसायटी, शासकीय, अर्धशासकीय, महाजन, किसी पारिवारिक सदस्य या अन्य को किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 (पंद्रह) दिवस के भीतर संपूर्ण दस्तावेज सहित निम्न पते पर प्रस्तुत कर सकते है, समय बाद की गई आपत्ति झूठा व अमान्य माना जावेगा। तथा मेरे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा। सो सूचना जाने।

दिनांक : 13/05/2026
स्थान - बिलासपुर

**भवदीय**
**HEMLATA SAHU**
**Advocate**
**DISTRICT Court, Bilaspur (C.G.)**
**Mob. No. 9179997633**

**आम-सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्री तारा सिंह पिता श्री जगन्नाथ सिंह, उम्र 68 वर्ष, जाति ठाकुर, व्यवसाय कृषि, निवासी बहतराई, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ के स्वत्व, स्वामित्व की भूमि खसरा नं. 347 रकबा 0.3800 हेक्टेयर भूमि ग्राम खमतराई, प.ह.नं. 25, रा.नि.मं. कोनी, तह. एवं जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है, जिसे भूमिस्वामी द्वारा मेरे आसामी के पास विक्रय करने का पक्का सौदा तय करके एडवांस प्राप्त किया गया है। उक्त भूमि की रजिस्ट्री पंजीयन कार्यालय के समक्ष निकट भविष्य मे होना निश्चित है, यदि उक्त खसरा नं. की भूमि के विक्रय के संबंध में किसी बैंक, निकाय, वित्तीय संस्था, फर्म, सोसायटी, शासकीय, अर्धशासकीय, महाजन, किसी पारिवारिक सदस्य या अन्य को किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 (पंद्रह) दिवस के भीतर संपूर्ण दस्तावेज सहित निम्न पते पर प्रस्तुत कर सकते है. समय बाद की गई आपत्ति झूठा व अमान्य माना जावेंगा। तथा मेरे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा। सो सूचना जाने।

दिनांक : 13/05/2026
स्थान - बिलासपुर

**भवदीय**
**HEMLATA SAHU**
**Advocate**
**DISTRICT Court, Bilaspur (C.G.)**
**Mob. No. 9179997633**

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग.**
**ईश्तहार**

क्रमांक 728/क्र/वा/तह/20
बिल्हा, दिनांक 06/05/2026

एतद् द्वारा ग्राम बुन्देला तहसील बिल्हा के सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भागीरती कौशिक पिता/पति स्व. सुधाराम जाति कुर्मी निवासी ग्राम बुन्देला तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा अपने पिता जी श्री स्व. सुधाराम पिता कमोदी जाति कुर्मी निवासी ग्राम बुन्देला थाना चकरभाठा तहसील बोदरी जिला बिलासपुर की मृत्यु दिनांक 11.07.1997 को ग्राम बुन्देला को हुआ/हुई है का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा जनता को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 21/5/26 को दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 06/5/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा सहित ईश्तहार जारी किया गया है।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोनी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ज्ञापन**

क्रमांक / कार्यालय / रा.नि./वयू./202.6
कोनी / दिनांक 07/05/2026

1. एस. आर. साहू 2. ताराचन्द 3. चोवाराम 4. खम्हन सुर्यवंशी 5. बृज साहू 6. पी. आर. साहू

विषय :- सीमांकन में उपस्थित होने बावत सूचना पत्र।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम खमतराई प.ह.नं. 25 राजस्व निरीक्षक मंडल-कोनी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूखण्ड खसरा नम्बर 962/2 रकबा क्रमशः 0.1860 हे. के सीमाकंन हेतु छ.ग. भू-राजस्व सहिता 1959 की धारा 129 के तहत तहसीलदार बिलासपुर के न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

संदर्भित आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमाकनं दिनांक 15/05/2026 को समय 11.00 से 5.00 बजे के किया जाना है अतः आप दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं.-कोनी**
**तहसील बिलासपुर**



हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 15 मई 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



पहल

## संस्कारयुक्त शिक्षा को बढ़ावा देने विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने लिया भाग



**बिलासपुर।** वर्तमान सामाजिक परिवेश में बच्चों के बीच नैतिक शिक्षा और संस्कारों के महत्व को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों, शिक्षाविदों और निजी विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर संस्कारयुक्त शिक्षा को बढ़ावा देने मंथन किया।

एरीना एनिमेशन कार्यालय में आयोजित इस बैठक में विश्व हिंदू परिषद के नैतिक शिक्षा आयाम के क्षेत्रीय प्रमुख सुनील शर्मा ने कहा कि पहले बच्चों को संस्कार अलग से सिखाने की आवश्यकता नहीं पड़ती थी, क्योंकि वे परिवार और सामाजिक वातावरण से स्वाभाविक रूप से सीख जाते थे। वर्तमान समय में बच्चों को राष्ट्र और संस्कृति से जोड़ने के लिए व्यवस्थित नैतिक शिक्षा की आवश्यकता है। "राष्ट्र वंदन" नामक 26 अध्यायों की एक पुस्तिका तैयार की गई है। प्रेरणादायक कहानियों पर आधारित इस पुस्तिका के माध्यम से बच्चों में संस्कार और नैतिक मूल्यों का विकास किया जाएगा। योजना के तहत सप्ताह में एक दिन विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा दी जाएगी। प्रशिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। लगभग पांच माह में पाठ्यक्रम पूर्ण होने के बाद परीक्षा आयोजित कर प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। भविष्य में महाभारत, राष्ट्रनायकों और संतों पर आधारित अन्य संस्करण भी प्रकाशित करने की योजना है।

स्टूडेंट्स अभिभावकों में नाराजगी

# नीट रद्द, सिस्टम की चूक से छात्रों की मेहनत पर फिरा पानी, दोबारा एग्जाम से छात्र तनाव में

*मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश की परीक्षा नीट रद्द होने और दोबारा परीक्षा कराने के निर्णय ने लाखों छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों की चिंता बढ़ा दी है। महीनों की कठिन तैयारी के बाद परीक्षा दे चुके विद्यार्थियों को अब फिर से उसी मानसिक और शारीरिक दबाव से गुजरना पड़ेगा। छात्रों का कहना है कि पेपर लीक जैसी व्यवस्थागत खामियों का खामियाजा मेहनत करने वाले परीक्षार्थियों को भुगतना पड़ रहा है, जिससे उनका मनोबल प्रभावित हुआ है। वहीं शिक्षक और अभिभावक भी परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता पर सवाल उठा रहे हैं। अब एग्जाम पैटर्न बदलने की आवाज भी उठने लगी है।*




**बिलासपुर।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी में लाखों छात्र महीनों से दिन-रात मेहनत कर रहे थे। परीक्षा संपन्न होने के बाद विद्यार्थियों को परिणाम का इंतजार था, लेकिन दोबारा परीक्षा की चर्चा ने उनके मनोबल को झटका दिया है। छात्रों का कहना है कि उन्होंने पूरे समर्पण और अनुशासन के साथ तैयारी की थी। कई विद्यार्थियों ने सामाजिक गतिविधियों, मनोरंजन और अन्य व्यक्तिगत कार्यों से दूरी बनाकर केवल पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित किया। ऐसे में दोबारा परीक्षा से उनकी मानसिक स्थिति प्रभावित हो रही है। शिक्षकों का कहना है कि विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए तैयार करने में काफी समय, ऊर्जा और मेहनत लगती है, कोचिंग संस्थानों और स्कूलों में विशेष कक्षाएं संचालित की गईं, मॉक टेस्ट और डाउट सेशन के जरिए छात्रों की तैयारी को मजबूत किया गया। अभिभावकों ने भी बच्चों की पढ़ाई के लिए मानसिक रूप से पूरा सहयोग दिया, उन्होंने बच्चों के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया। उनका कहना है कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी तरह की गड़बड़ी का सीधा असर छात्रों के भविष्य पर पड़ता है।




### 1 माह आइसोलेट हो जाएं

आचार्या कोचिंग के डायरेक्टर संदीप द्विवेदी ने कहा कि छात्रों को दोबारा परीक्षा देने के लिए कम से कम 1 माह का समय देना चाहिए। ताकि वे अच्छे से तैयारी कर परीक्षा दे पाएं, उन्होंने कहा कि बच्चे इस परीक्षा को मानसिक रूप से एसेप्ट करे उसी एनर्जी से तैयारी करने फिर से लग जाएं और एक माह आइसोलेट होकर सिर्फ इसकी प्रीप्रेशन में ही ध्यान दें। उन्होंने बताया कि अचार्या कोचिंग द्वारा फ्री में इस परीक्षा की तैयारी करवाई जा रही है, जिन बच्चों को गाइडेंस लेना वे यहां आकर जॉइन कर सकते है।

### एक और मौके के रूप में देख रहे



छात्र प्रभात पटेल ने बताया कि जब हमें पता चला कि नीट का पेपर कैंसिल हो गया है, तो शुरुआत में बहुत बुरा लगा। हमने इतनी मेहनत की थी और अचानक सब कुछ फिर से शुरू करना पड़ेगा, ये सोचना ही मुश्किल था, लेकिन अब हम इसे एक और मौके के रूप में देख रहे हैं और दोबारा पूरी मेहनत से तैयारी कर रहे हैं।

### अधिक एनर्जी से कर रहे तैयारी



छात्र सोनू दिनकर ने कहा कि पहले तो शॉक लगा, लेकिन बाद में लगा कि ये हमारे लिए एक दूसरा मौका है खुद को और बेहतर बनाने का। अब हम ज्यादा डिसिप्लिन के साथ पढ़ाई कर रहे हैं और टाइम टेबल को और सख्ती से फॉलो कर रहे हैं।

आयोजन

## पालेश्वर शर्मा स्मृति में 17 को विमोचन व सम्मान समारोह



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ी गद्य साहित्य के युग प्रवर्तक डॉ पालेश्वर प्रसाद शर्मा की स्मृति में रविवार को दो सत्रों में एक दिवसीय भव्य साहित्यिक आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में कृतियों का विमोचन, विमर्श, विशिष्ट सम्मान, आत्मीय सारस्वत सम्मान और समन्वय रत्न अलंकरण प्रदान किए जाएंगे। प्रथम सत्र में विमोचन एवं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा होंगे। सत्र की अध्यक्षता पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर एवं अध्यक्ष डॉ चित्तरंजन कर करेंगे।

विशिष्ट अतिथियों में पाणिनीय शोध संस्थान की अध्यक्ष आचार्या डॉ पुष्पा दीक्षित, इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के संगीत एवं कला संकाय के प्रोफेसर एवं अधिष्ठाता डॉ राजन यादव, छत्तीसगढ़ विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा, पूर्व विधायक एवं समाजसेवी चंद्रप्रकाश बाजपेयी तथा प्रख्यात नवगीतकार डॉ अजय पाठक शामिल रहेंगे। इस सत्र में सर्वप्रिय प्रकाशन, दिल्ली द्वारा प्रकाशित डॉ पालेश्वर प्रसाद शर्मा की कृतियाँ छत्तीसगढ़ का इतिहास और परंपरा' और गुड़ी के गोठ, डॉ देवधर महंत द्वारा संपादित 'कीर्तिशेष डॉ पालेश्वर प्रसाद शर्मा',सरला शर्मा की 'रात जागा पाखी उवाच',तथा डॉ बरसाइतदास महंत की 'महाभारत काल में नारी' का विमोचन होगा। विशिष्ट हस्ताक्षरों का सम्मान भी किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन डॉ पालेश्वर प्रसाद शर्मा की 98वीं जयंती के उपरांत स्मरणांजलि के रूप में समर्पित है। इस सत्र में डॉ पालेश्वर प्रसाद शर्मा के साहित्यिक अवदान पर चर्चा होगी। दोनों सत्र बिलासपुर के प्रार्थना भवन, जल संसाधन विभाग परिसर, आईजी कार्यालय के पास दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होंगे। आत्मीय सारस्वत सम्मानःश्री बजरंग केडिया, डॉ. जयश्री शुक्ला, सिद्धेश्वर पाटनवार, डॉ जीबी सिंह, डॉ गिरधर शर्मा शामिल होंगे।

# कल जयंती पर शनि मंदिरों में होगा विशेष हवन, पूजन



### 16 को प्रकटोत्सव पर श्रद्धालु भक्तों की उमड़ेगी भीड़

**बिलासपुर।** शनिवार 16 मई को भारतीय नगर स्थित श्री अयप्पा मंदिर सहित शहर के अन्य सभी शनि मंदिरों में भगवान श्री शनिदेव का प्रकटोत्सव श्रद्धा व उत्साह से मनाया जाएगा। इस दिन भगवान शनिदेव की विशेष पूजा कर हवन किया जाएगा।

शनि जयंती 16 मई शनिवार को मनाई जाएगी। यह ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को पड़ती है। उदयातिथि के अनुसार 16 मई को ही पूजा करना श्रेष्ठ है। इस दिन शनिदेव को प्रसन्न करने के लिए तेल, काले तिल और नीले फूल अर्पित किए जाएंगे। भगवान श्रीशनि देव न्याय के देवता और कर्मफल दाता हैं। ऐसी मान्यता है कि प्रकटोत्सव पर भगवान श्री शनिदेव के दर्शन-पूजन से न केवल कष्टों का निवारण होता है, बल्कि जीवन में अनुशासन और धैर्य का संचार होता है। इस शुभ दिन शनि देव की आराधना मानव जीवन के लिए कल्याणकारी है। वहीं शनिवार 16 मई को ही अमावस्या भी पड़ रहा है।

### बन रहा विशेष संयोग

अमावस्या तिथि 16 मई को सुबह 5:11 बजे प्रारंभ होकर 17 मई को रात डेढ़ बजे समाप्त होगा। इस वर्ष शनि जयंती पर 13 साल बाद विशेष संयोग बन रहा है। जिसे ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत शुभ माना जा रहा है। इस दिन शनि मंत्र ॐ शं शनैश्चराय नमः का जाप करने से पुण्य लाभ मिलता है। ज्योतिषियों के अनुसार इस दिन शुक्र की राशि वृषभ ग्रहों के राजा सूर्य और राजकुमार बुध की युति से शक्तिशाली बुधादित्य योग का निर्माण होगा। यह योग बेहद शुभ होता है। जिसे बुद्धि, धन लाभ और मान-सम्मान से जोड़ा जाता है। ऐसे में शनि जयंती पर पूजा-पाठ करना और भी कल्याणकारी रहेगा। वहीं इसका सकारात्मक असर कुछ राशियों पर भी देखने को मिल सकता है।

### राजकिशोर नगर में होगा भव्य आयोजन

राजकिशोर नगर श्री शनि सांई धाम में शनि जयंती पर भव्य आयोजन किया गया है।इस दिन सुबह से श्रद्धालु मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। दोपहर 3 बजे हवन और विशेष आरती व भोग भंडारे का वितरण किया जाएगा। रात को विशेष अनुष्ठान और महाआरती की जाएगी। शाम 7 बजे अमावस्या पर सिद्ध मां भवतारिणी काली फलाहारिणी अमावस्या का हवन, पूजन कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर समिति के सेवादार आयोजन को भव्य बनाने तैयारी में जुटे हैं।

# परमात्मा प्यार का सागर सभी को दें सम्मान



**बिलासपुर।** टिकरापारा स्थित ब्रह्माकुमारीज़ केंद्र में सद्गुरुवार की आध्यात्मिक सभा आयोजित की गई। इसमें ब्रह्माकुमारी गायत्री दीदी ने ईश्वरीय महावाक्य सुनाते हुए कहा कि परमात्मा प्यार का सागर है और हमें भी "मास्टर प्यार का सागर" बनकर सभी को सुख और सम्मान देना चाहिए।

**टिकरापारा में सद्गुरुवार की आध्यात्मिक सभा आयोजित**

गायत्री दीदी ने कहा कि जीवन में खुशी, शांति और आत्मबल प्राप्त करने के लिए सत्यता, सकारात्मक संकल्प और परमात्मा से सीधा जुड़ाव आवश्यक है। दीदी ने "एक बाबा दूसरा न कोई" का मंत्र देते हुए आत्मिक स्थिति मजबूत बनाने पर जोर दिया। गायत्री दीदी ने कहा कि आज मनुष्य बाहरी सुख-सुविधाओं के बावजूद भीतर से अशांत और तनाव ग्रस्त है, क्योंकि उसने अपने वास्तविक स्वरूप आत्मा को भूल गए हैं। उन्होंने सभी को प्रतिदिन कुछ समय राजयोग ध्यान के लिए समय निकालने की प्रेरणा देते हुए कहा कि परमात्म स्मृति से मन शांत, बुद्धि शक्तिशाली और जीवन सकारात्मक बनता है। अंत में सभी को सद्गुरुवार का भोग वितरित किया गया।

स्पोर्ट्स

## खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों के लिए ऑनलाइन एंटी-डोपिंग जागरूकता



**बिलासपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य में स्वच्छ, निष्पक्ष एवं डोपिंग मुक्त खेल वातावरण को प्रोत्साहित करने शुक्रवार को ऑनलाइन एंटी-डोपिंग शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, खेल अधिकारियों एवं खेल संगठनों को डोपिंग के दुष्प्रभावों, प्रतिबंधित पदार्थों, एंटी-डोपिंग नियमों, परीक्षण प्रक्रिया तथा खिलाड़ियों की जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक किया जाएगा। ऑनलाइन जागरूकता सत्र शाम साढ़े चार बजे से शुरू होगी। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने राज्य के सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, खेल संघों, खेल अधिकारियों और खेल संगठनों से अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक श्रीमती तनुजा सलाम ने बताया कि स्वच्छ खेल संस्कृति को बढ़ावा देना खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य एवं खेलों की पारदर्शिता के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम से खिलाड़ियों को सही जानकारी प्राप्त होगी तथा वे डोपिंग से जुड़े जोखिमों एवं नियमों के प्रति अधिक सजग हो सकेंगे।

# व्यापम ने पीईटी व नर्सिंग की ली परीक्षा



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा गुरूवार को प्री-इंजीनियरिंग टेस्ट प्रातः 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित हुई। इसी तरह एमससी नर्सिंग की परीक्षा भी सुबह 10 बजे से दोपरह 12:15 तक चली। पीईटी में 958 परीक्षाथी उपस्थित हुए व 338 अभ्यथी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। नर्सिंग परीक्षा में 662 परीक्षार्थी मौजूद थे और 373 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें।

बता दें की परीक्षा केंद्रों के गेट सुबह 9.30 बजे बंद कर दिए गए। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। जिला प्रशासन ने परीक्षार्थियों से समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने की अपील की है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। व्यापम के दिशा-निर्देशों के अनुसार परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड एवं वैध फोटो पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा।

परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, कैलकुलेटर, इयरफोन सहित किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा किसी भी प्रकार की लिखित अथवा मुद्रित सामग्री परीक्षा केंद्र में ले जाना वर्जित था। परीक्षार्थियों को हल्के एवं सरल कपड़े पहनकर आने तथा पारदर्शी पानी की बोतल साथ लाने की अनुमति रही। परीक्षा के दौरान सुरक्षा एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रवेश द्वार पर फ्रिस्किंग एवं सुरक्षा जांच भी की गई।

# कोई भी जीव गर्मी में प्यासा ना हो




**बिलासपुर।** श्री गोपाल कामधेनु गौसेवा धाम द्वारा पिछले 23 वर्षों से गौमाता व अन्य जीवों के लिए जल का पात्र व गौरैया चिड़िया के लिए घोंसला एवं चिड़िया के लिए सिकोरे एवं चिड़िया के लिए दाना एवं जन मानस के पीने के लिए पानी के मटके का वितरण किया गया। गौ सेवक विपुल शर्मा जी ने बताया कि हमारी गौसेवा संस्था के इस कार्यों को देखकर अन्य संस्थाओं ने भी प्रेरित होकर पूरे छत्तीसगढ़ में विभिन्न संस्थाओं ने प्रेरणा पाकर के जीव जंतु व पशु-पक्षी के लिए जल का पात्र रखना प्रारंभ किया जिसे देख कर के आज मन प्रफुल्लित होता है कि आज कोई भी गली या शहर जल के पात्र देखने को मिल जाता है। हर घर के आगे एक प्याऊ होना चाहिए और आपके घर से कोई भी जीव प्यासा नहीं जाए घर के दरवाजे पर जो जल पात्र हैं उसे सफाई करके प्रतिदिन स्वच्छ जल भरे। गौसेवक गोपाल कृष्ण ने बताया पानी के 100 पात्र एवं 100 सिकोरे एवं घोसले साथ में सिम्स हॉस्पिटल रोड पर पानी के घड़े मरीजों के लिए उपलब्ध कराए गए।

मुख्य अतिथि राम अवतार अग्रवाल, डॉक्टर श्रीकांत गिरी, प्रेस क्लब अध्यक्ष अजीत मिश्रा,डॉ मनोज चन्द्राक,राजेश चौबे,प्रिंस वर्मा पानी के पात्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बिलासपुर गौ सेवा धाम के शत्रुघ्न यादव,आशीष त्रिपाठी शिवांश पांडेय,शुभम् मिश्रा,आशीष यादव मौजूद रहे।

कार्नर न्यूज

# आदान-प्रदान से ही मिलती है गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन विभाग में प्रोफेशनल पावर पाइंट प्रजेंटेशन बनाने की एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। विभाग के द्वारा अभिनव प्रयास किया गया जिसमें विभाग के एमकॉम के छात्रों द्वारा बीकॉम के छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया।

''छात्रों के लिए छात्र'' नवाचार के इस प्रयोग किये जाने वाले कार्यशाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो ललित प्रकाश पटेरिया के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में कुलपति ने इस विशेष प्रयास के लिए विभाग के शिक्षक एवं छात्रों की प्रशंसा की एवं भविष्य में भी ऐसी कार्यशाला आयोजित करने का संदेश दिया। डॉ अतुल दुबे विभागाध्यक्ष, वाणिज्य



एवं वित्तीय अध्ययन ने छात्रों को संबोधित करते कहा कि नवीन युग में पाठ्यक्रम के अलावा जो कुछ भी छात्र-छात्राएं सिखते हैं उसका एक दूसरे के बीच आदान-प्रदान से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाई जा सकती है। उक्त कार्यशाला का समन्वय डॉ सुमोना भट्टाचार्य एवं डॉ पूजा पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं प्रशिक्षक कबीराज मधुकर थे जिन्होंने बहुत आधुनिक तकनीक के द्वारा छात्रों को पावर पाइंट प्रजेंटेशन बनाना सिखाया। उक्त कार्यक्रम में डॉ गौरव साहू, आदित्य प्रताप सिंह, डॉ महेन्द्र मेहता एवं खेमेन्द्र देवांगन का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के संचालन में दीक्षांत बंजारे, एल्बर्ट मिरी एवं बादल सिंह का भी विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### निमार्णाधीन मकान में चोरी, युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** निमार्णाधीन मकान से सामान चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, 10 मई को चिल्हाटी श्याम विहार निवासी शिवकुमार पाण्डेय की निमार्णाधीन मकान का ताला तोड़कर टी टेबल, स्विग चेयर, कॉर्नर टेबल, 3 नग लोहे का दरवाजा, लोहे की सीढ़ी, जीआई पाइप सहित 30 हजार का सामान चोरी कर लिया गया था। मुखबिर की सूचना पर मोपका पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी ओमप्रकाश कुर्रे, मूरली भार्गव न अन्य ने चिल्हाटी टंकीपारा निवासी चक्कू उर्फ धर्मजीत रात्रे पिता धनउराम रात्रे 26 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने श्री पाण्डेय के मकान में चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसके निशानदेहीं पर चोरी का सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### नदी में कटा हाथ का पंजा मिलने से सनसनी

**बिलासपुर।** नदी में कटा हुआ हाथ का पंजा मिलने से सनसनी फैल गई। पानी में हाथ का पंजा बहकर आने की संभावना जताई जा रही है। बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने बताया, 14 मई को पण्डरा पथरा के ग्रामीणों ने अरपा नदी में कटा हुआ हाथ का पंजा देखा। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर जाकर पतासाजी की तो जानकारी मिली कि नदी के किनारे शमशान घाट है। पिछले दो दिनों से हुई बारिश से दफन शव का हाथ बाहर निकालने पर किसी जानवर ने पंजा काटकर अलग कर दिया है।

### गुम चांदी से भरा पार्सल कबाड़ दुकान में मिला

**बिलासपुर।** कोरियर ब्याय की गाड़ी से चांदी से भरा पार्सल सड़क किनारे कबाड़ी के दुकान में मिला। पार्सल से कुछ चांदी के जेवर गायब हैं। पुलिस कबाड़ी की तलाश कर रही है। 10 मई को सदरबाजार के एक सराफा व्यापारी ने राजकोट से 28 किलो चांदी के जेवर मंगाया था। अलग अलग दो पैकेट में लॉजिस्टिक कोरियल के जरिए पार्सल शहर भेजा गया। कोरियर ब्याय बोरी में पार्सल बांधकर छोड़ने के लिए सदरबाजार आ रहा था। शिव टाकीज चौक से पुराना बस स्टैण्ड चौक के बीच 18 किलो चांदी के जेवर सहित पार्सल गिर गया था। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से कोतवाली पुलिस ने सूर्या चौक के आगे गार्डन के पास सड़क किनारे कबाड़ी दुकान चलाने वाले कबाड़ी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने पार्सल मिलना स्वीकार कर लिया। उसकी दुकान से पार्सल बरामद कर सराफा व्यापारी को लौटा दिया। बताया जाता है पार्सल के कुछ चांदी के जेवर गायब हैं। पुलिस कबाड़ी की तलाश कर रही है।

### रोजगार मेला 20 को 495 पदों पर होगी भर्ती

**बिलासपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोनी में 20 मई को सवेरे 11 बजे से शाम 4 बजे तक रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले में 7 निजी नियोजकों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया की जाएगी, जिसमें बीमा सखी एलआईसी, लाइफ मित्र, फील्ड ऑफिसर, असिस्टेंट मैनेजर , मशीन ऑपरेटर , सेल्स ऑफिसर, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव, इलेक्ट्रिक मीटर टेक्नीशियन, सुपरवाईजर एवं लेबर सहित कुल 495 पद शामिल हैं। रोजगार मेले में 10वीं, 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। अधिक जानकारी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोनी बिलासपुर से प्राप्त की जा सकती है।

---

**पीएम शहरी आवास योजना-टू के तहत आवास निर्माण के लिए 141 करोड़ स्वीकृत**

**पंप हाउस, मिट्टी टीला, मिनीमाता, अमेरी व परसदा में बनेंगे आवास**

# नगर निगम क्षेत्र में 6 स्थानों पर बनेंगे 2 हजार 465 आवास

**बिलासपुर।** नगर निगम में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना वन तहत आवास निर्माण का पुराना टेंडर विवादों के चलते निरस्त हो गया था और नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना 2.0 अंतर्गत नए आवास निर्माण के प्रस्ताव शासन को भेजे गए थे। शासन की ओर से 2 हजार 465 आवासों की स्वीकृति दी गई है और लगभग 141 करोड़ राशि की यह परियोजना है, जिसमें निगम क्षेत्र में 6 स्थानों पर आवासों का निर्माण कराया जाएगा।

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 तहत जो 2 हजार 465 आवास निर्माण की स्वीकृत किए गए हैं और उसके लिए 141 करोड़ रुपए स्वीकृति मिली है, उसमें केन्द्रांश व राज्यांश दोनों शामिल है। शासन से आवास की स्वीकृति



मिलने के बाद अब आवास निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया की जाएगी। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना-टू के अंतर्गत नगर निगम एरिया में 6 स्थानों का चयन आवास निर्माण के लिए किया गया है। इसमें पंप हाउस, मिट्टी टीला, मिनीमाता, तालापारा, अमेरी और परसदा में आवास निर्माण कराया जाएगा। इसमें पंप हाउस के पास 290 आवास, मिट्टी टीला के पास 261 आवास, तालापारा में 261 आवास व मिनीमाता में 725 आवास तथा अमेरी में 580 आवास और परसदा में 348 आवास बनाया जाएगा। इस तरह कुल 2 हजार 465 आवासों का निर्माण कराया जाएगा। इसमें परसदा व अमेरी में स्लम के पुनर्वास के लिए आवास निर्माण कराया जाएगा।

### तालापारा में फाउंडेशन के बाद बंद पड़ा काम

प्रधानमंत्री आवास योजना वन तहत पहले तालापारा व मिनीमाता तालाब किनारे आवास निर्माण स्वीकृत हुआ था। लेकिन आवास का काम फाउंडेशन के बाद आगे नहीं बढ़ पाया था, इसलिए पूर्व स्वीकृत आवास निरस्त कर दिया गया था। इसके तहत तालापारा में 261 आवास बनाने का प्रस्ताव था जबकि मिनीमाता तालाब के किनारे 725 आवास बनना था। इस तरह कुल 986 आवासों का निर्माण यहां पर होना था। तालापारा स्थित मिनीमाता तालाब काफी बड़ा है। तालाब के मेढ़ वाली जमीन पर बेजा कब्जा में कच्चा मकान बनाकर 725 परिवार रह रहे थे। नगर निगम द्वारा इनका सर्वे कराया गया था। इन 725 परिवारों को नगर निगम द्वारा तालाब के पास ही प्रधानमंत्री आवास योजना तहत पक्का मकान बनाकर दिया जाना था।

### स्लम बस्ती की गई शिफ्ट

आवास निर्माण के लिए मिनीमाता तालाब की मेढ़ पर जो कच्चे मकान बने थे, उनमें रहने वाले परिवारों को अस्थाई रूप से शिफ्ट करने और अवैध मकानों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू हुई थी। इस तरह तालाब की मेढ़ से 174 परिवारों को दयालबंद मधुबन स्थित आवास में शिफ्ट किया गया और उसके बाद उनके कच्चे मकानों को तोड़ा गया, उसके बाद भी काफी परिवार वहां पर रह गए हैं और उनकी शिफ्टिंग नहीं हो पाई, जिससे जगह भी खाली नहीं हो पाया। दूसरी तरफ केवल आवास निर्माण के लिए फाउंडेशन का काम ही हो पाया था, उससे आगे काम नहीं बढ़ पाया था। इसलिए नगर निगम ने पूर्व स्वीकृत आवासों को निरस्त कर दिया था।

### वर्ष 2019 में जारी हुआ था कार्यादेश

इन आवासों के लिए भिलाई के बीएसबीके प्राईवेट लिमिटेड को ठेका मिला है और कार्यादेश वर्ष 2019 में जारी किया गया था। इस कार्यादेश के तहत आवास निर्माण का कार्य 36 माह में पूरा करना था, लेकिन ठेका कंपनी बीएसबीके द्वारा अनुबंध अनुसार आवासों में स्लम के अंतर्गत प्रस्तावित आवासों का कार्य अस्थाई व्यवस्थापन कोविड के कारण नहीं किया जा सका। ठेका कंपनी द्वारा समयावधि में आवास का निर्माण पूरा नहीं किया गया। ठेका कंपनी द्वारा कास्ट बढ़ने पर अतिरिक्त राशि की मांग की जा रही थी, जिसके कारण काम बंद पड़ा था और मामला न्यायालय तक पहुंच गया था।

### एस्कलेशन व जीएसटी के भुगतान का लफड़ा

आवास निर्माण करने वाली भिलाई की ठेका कंपनी बीएसबीके को नगर निगम सीमा में कई जगहों पर प्रधानमंत्री आवास योजना तहत आवास निर्माण का ठेका मिला था। ठेका कंपनी द्वारा एस्कलेशन एवं जीएसटी के भुगतान के लिए उच्च न्यायालय में मामला लगाया गया था। नगर निगम द्वारा ठेका कंपनी को कुछ भुगतान भी किया जा चुका था। समयावधि में काम नहीं करने पर ठेका कंपनी पर निगम द्वारा कार्रवाई गई थी।

### मिल गई है स्वीकृति

प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना 2.0 अंतर्गत नगर निगम में 2465 नए आवासों की स्वीकृति मिल गई है और आगे आवास निर्माण के लिए टेंडर होना है। निगम क्षेत्र में 6 जगहों पर आवास निर्माण कराया जाना है।

**-एसपी साहू,** प्रभारी आवास शाखा नगर निगम

---

**तेज हवा से गिरते हैं पेड़, बंद हो जाती है बिजली**

# जर्जर पेड़ों से हो रही दुर्घटना, वन विभाग के पास काटने की फुर्सत नहीं



नेचर सिटी गेट के पास खोखला पेड़।

### नेचर सिटी के पास हुआ हादसा

बुधवार को तेज आंधी चलने से सकरी रोड स्थित नेचर सिटी के गेट के पास एक बड़े पेड़ की डंगालें गिर गईं, पेड़ का तना बच गया है, जो पूरी तरह जर्जर हो गया है, इससे आने वाले दिनों में फिर कोई हादसा हो सकता है। इस रोड पर इस तरह के और भी कई जर्जर पेड़ हैं। इसके अलावा शहर के अंदर कई जगह जर्जर पेड़ खड़े हैं। इन पेड़ों की कटाई नहीं होने से लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के हरे-भरे पेड़ों पर तो कुल्हाड़ी चला दी जाती है, लेकिन जो पेड़ जर्जर और अंदर से खोखले हो चुके हैं, वन विभाग के पास उसे काटने की फुर्सत नहीं है। ये जर्जर पेड़ और उसकी डाली तेज हवा के चलते बिजली के तारों पर गिरते हैं, जिसके कारण सबसे अधिक समस्या बिजली बंद की हो रही है।

शहर और ग्रामीण एरिया में सड़क के दोनों ओर लगाए गए हरे-भरे पेड़ों से पहले लोगों को राहत मिलती थी, लेकिन सड़क चौड़ीकरण करने के चक्कर में सैकड़ों की संख्या में हरे-भरे पेड़ों की बलि भी दे दी गई है। लोगों को पेड़ों के कटने से राहत तो दूर छांव तक नसीब नहीं हो पा रही है। वर्तमान में कुछ पेड़ बचे हुए हैं, जिसमें से कई पेड़ जर्जर हो चुके हैं। पेड़ के तने के बीच में खोखले और नीचे की हालत भी काफी खराब हो चुकी है।

वन विभाग के साथ पौधरोपण और उसकी देखभाल करने की जिम्मेदारी प्रशासन की भी होती है। कई लोग अपने घर के सामने पौधरोपण करते हैं, लेकिन जर्जर होने के बाद उसकी ओर देखना भी पसंद नहीं करते हैं। इसका नुकसान दूसरे लोगों को भुगतना पड़ता है। विद्युत वितरण कंपनी भी खंभे लगाने के साथ केबल को पेड़ों के नीचे



सकरी रोड पर अधिकांश वृक्ष खोखले और जर्जर दिखाई दे रहे हैं।

ही निकालती है। राजस्व भूमि के अलावा नगर निगम और वन भूमि पर लगाए गए ऐसे सैकड़ों पेड़ हैं, जो जर्जर हो चुके हैं। ऐसे जर्जर पेड़ों से कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। तेज हवा और बारिश के चलते जर्जर हो चुके पेड़ जड़ सहित बिजली विभाग के बिछाए गए केबल पर गिरते हैं, जिसके कारण बिजली बंद की समस्या से लोगों को जूझना पड़ता है।

पेड़ और उसकी डंगाल को हटाने में भी बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों का पसीना छूट जाता है। इसके बावजूद भी वन विभाग के अधिकारी किसी भी जर्जर पेड़ों को काटने की ओर ध्यान नहीं देते हैं।

### सूचना पर काटा जाता है पेड़

शहर में राजस्व विभाग की जमीन पर पेड़ लगे हैं, वहीं कई निजी व्यक्ति के सामने पुराने पेड़ हैं। जर्जर पेड़ों को काटने के लिए निजी व्यक्ति आवेदन देते हैं। वहीं राजस्व विभाग से पत्र मिलने के बाद ही उन पेड़ों को काटा जाता है। विभाग की ओर से केवल वन भूमि की जमीन पर लगाए गए पेड़ों को ही काटने के लिए चिन्हांकित किया जाता है। राजस्व व निजी व्यक्ति के पत्र पर उक्त पेड़ों को काटने के लिए कुछ राशि जमा कराई जाती है।

**-यशपाल वर्मा,** रेंजर, वन मंडल बिलासपुर



## गोंड़पारा वासियों ने बृहस्पति बाजार विस्थापन का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम द्वारा बृहस्पति बाजार को मुन्नूलाल शुक्ल स्कूल परिसर गोड़पारा में विस्थापित किए जाने के प्रस्ताव का गोंड़पारा वासियों ने कड़ा विरोध किया है। क्षेत्रवासियों की ओर से अमन नामदेव के नेतृत्व में आयुक्त, नगर निगम को ज्ञापन सौंपकर इस प्रस्ताव को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई है।

- आंदोलन की दी चेतावनी

गोंड़पारा वासियों का कहना है कि यह क्षेत्र पहले से ही अत्यंत घनी आबादी वाला है, जहां सड़कें संकरी हैं तथा पार्किंग एवं यातायात की समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। स्कूल परिसर के आसपास पहले से ही कई छोटे बाजार संचालित हैं, जिससे क्षेत्र में लगातार भीड़भाड़ की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में बृहस्पति बाजार को यहां स्थानांतरित करना क्षेत्र की यातायात व्यवस्था, सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित करेगा। क्षेत्रवासियों ने विशेष रूप से बच्चों की शिक्षा एवं सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि स्कूल परिसर के पास भारी भीड़ एवं बाजार लगने से विद्यार्थियों का अध्ययन वातावरण प्रभावित होगा तथा महिलाओं एवं स्थानीय नागरिकों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि वर्ष 2007 में चांटीडीह बाजार तोड़े जाने के बाद आज तक अनेक छोटे सब्जी व्यापारी स्थायी व्यवस्था के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में बिना दीर्घकालिक एवं व्यवस्थित योजना के गोंड़पारा क्षेत्र पर अतिरिक्त बोझ डालना अनुचित एवं अव्यवहारिक है।

गोड़पारा वासियों ने मांग की है कि किसी भी निर्णय से पूर्व स्थानीय नागरिकों, अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों की सहमति ली जाए तथा बाजार के लिए ऐसा वैकल्पिक स्थल चयनित किया जाए जहां यातायात, पार्किंग एवं सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध हो। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो वे लोकतांत्रिक तरीके से उग्र जनआंदोलन, धरना एवं जनविरोध प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

---

# बैंक के पास लोगों को कमीशन का लालच देने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बैंक के पास लोगों को बैंक खाते के बदले कमीशन का लालच देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 14 मई को तारबाहर पुलिस को सूचना मिली कि व्यापार विहार स्टेट बैंक के आसपास एक युवक खड़े होकर बैंक में आने जाने वाले लोगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने पर मोटी रकम कमीशन में देने का लालच दे रहा है।



पुलिस ने बैंक के पास से दबिश देकर घेराबंदी करते हुए सूरजपुर बसदई सिरसी निवासी दीपेश कुमार गुप्ता पिता दिलीप कुमार गुप्ता 21 साल को पकड़ लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर युवक ने विभिन्न व्यक्तियों से बैंक खाते एवं बैंकिंग की जानकारी लेकर उन्हें आनलाइन ठगी करने वाले जालसाजों को उपलब्ध कराना स्वीकार कर लिया। बदले में उसे मोटी रकम कमीशन के रूप में मिलती थी। उसके पास से एक मोबाइल जब्त किया गया। जिसमें विभिन्न बैंकों के खातों से संबंधित जानकारी एवं मोबाइल नम्बर मिले हैं। पुलिस उक्त मोबाइल डेटा एवं तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण कर नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

### म्यूल अकाउंट साइबर अपराध का स्लीपर सेल

आईपीएस गगन कुमार ने बताया, प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि ऐसे म्यूल अकाउंट सिंडिकेट साइबर अपराधियों के लिए स्लीपर सेल की तरह कार्य करते हैं। ये लोग सामान्य नागरिकों के बैंक खातों का उपयोग साइबर ठगी की रकम प्राप्त करने, ट्रांसफर करने एवं तुरंत निकालने के लिए करते हैं। जिससे वास्तविक अपराधियों तक पहुंचना कठिन हो जाता है। साइबर अपराधों में उपयोग होने वाले ऐसे बैंक खाते राष्ट्रीय स्तर पर संगठित अपराध नेटवर्क का हिस्सा होते हैं। इनके माध्यम से करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी देशभर में की जाती है।

# आरपीएफ ने 60 आरोपियों से जब्त किया 2.86 करोड़ का गांजा

**बिलासपुर।** रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने जोन स्तर पर चलने वाले आपरेशन नारकोस अभियान के तहत जांच करते हुए स्टेशन और ट्रेनों से 60 आरोपियों को पकड़कर 2 करोड़ 86 लाख रुपए का गांजा जब्त किया है। इन सभी आरोपियों को पकड़कर अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी के सुपुर्द किया गया है।

सड़क परिवहन में लगातार जांच के कारण ओडिशा की ओर से गांजा तस्कर अब ट्रेन को माध्यम बना चुके हैं। प्रतिदिन हावड़ा से ओडिशा होकर बिलासपुर, रायपुर और नागपुर जाने वाली एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में गांजा की तस्करी लगातार हो रही है। रेलवे बोर्ड के आदेशानुसार एसईसीआर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में रेलवे सुरक्षा बल की टीम आपरेशन नारकोस के तहत अभियान



चला रही है, जिसमें सभी ट्रेनों के अलावा स्टेशन पर संदिग्धों से पूछताछ कर गांजा जब्त किया जा रहा है। इस कार्य के लिए तीनों डिवीजन में स्थित सीआईबी, एसआईबी को एक्टिव किया गया है। जानकारी के अनुसार पिछले वित्तीय वर्ष 2025 के दौरान आरपीएफ की टीम ने अभियान चलाकर कुल 63 मामलों में 78 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए 1 करोड़ 70 लाख रुपए का 713.522 किलो गांजा जब्त किया था।

इसी तरह वित्तीय वर्ष 2026 में अप्रैल और मई के दौरान यह आंकड़ा काफी बढ़ गया है। आरपीएफ की टीम ने पिछले दो माह के अंतराल में 38 मामलों में 60 आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 2 करोड़ 86 लाख रुपए के 572.729 किलो गांजा जब्त किया गया है। इस अभियान में मुख्य रूप से ओडिशा की ओर से आने वाली ट्रेन 12843 पुरी-अहमदाबाद, 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस, 12807 समता एक्सप्रेस, 58213 टिटलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर, 12994 पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस में लगातार जांच की जा रही है।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग में नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## सरकारी कर्मचारियों का देश के 66 अस्पतालों में इलाज

**बिलासपुर।** राज्य सरकार ने अपने अधिकारी व कर्मचारियों के लिए इलाज की बेहतर सेवा के लिए नया फरमान निकाला है। जिसमें निजी अस्पतालों में भी कर्मचारियों का कैशलैस इलाज हो सकेगा। साथ ही राज्य के बाहर देश के 66 अस्पतालों के लिए इलाज का आदेश जारी किया गया है।

- मुंबई, दिल्ली व नागपुर के अस्पताल की भी सुविधा

शासकीय कर्मचारियों पर समय पर बेहतर और सुलभ इलाज मिल सके इसके लिए राज्य सकार ने शासकीय सेवक और उनके आश्रित परिजनों के लिए इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने का बीड़ा उठाया है। 1 अप्रैल से 31 मार्च 2027 तक के लिए 152 अस्पतालों को इलाज की मान्यता प्रदान की गई है। इसमें रायपुर के 43 अस्पताल शामिल है, वहीं देश के नागपुर, नई दिल्ली, हरियाणा, मुंबई, चेन्नई,इंदौर, हैदराबाद, अहमदाबाद, विशाखापट्टनम, बैग्लोर, कोलकाता जैसे शहरों के विश्व विख्यात अस्पतालों में इलाज की सुविधा दी गई है। इलाज का फायदा लेने के लिए जिले के सिविल सर्जन की अनुशंसा व रिफरल प्रमाण पत्र की आवश्यकता मरीज व परिजनों को लेनी होगी। वहीं आकस्मिक परिस्थितियों में इलाज के बाद या मुख्यालय पहुंचने के लिए 7 दिनों के भीतर कार्यालय प्रमुख को सूचना देना अनिवार्य होगा।

# कोयले से भरी मालगाड़ी में आग से मचा हड़कंप



**बिलासपुर।** सुबह रायगढ़ से बिलासपुर की ओर आ रही कोयले से भरी मालगाड़ी के वैगन में अचानक धुआं निकलने से हड़कंच मच गया। गतौरा स्टेशन पर ट्रेन रोकने के बाद आग को बुझाया गया। इस दौरान लाइन पर आ रही दूसरी गाड़ियों को अन्यत्र स्टेशन पर नियंत्रित किया गया।

जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह 9 बजकर 50 मिनट पर जयरामनगर से बिलासपुर स्टेशन की ओर आ रही कोयला लोडेड मालगाड़ी के वैगन से तेज धुआं निकलने लगा। आग लगने की आशंका को देखते हुए इसकी सूचना तत्काल कंट्रोल को दी गई।

सूचना मिलते ही ट्रेन को गतौरा स्टेशन पर रूकवाया गया। वहीं जानकारी मिलते ही संबंधित विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। फायर ब्रिग्रेड के स्टेशन पहुंचने के बाद उक्त धुआं निकलने वाले वैगन के कोयले को ठंडा किया गया। अधिकारियों के हरी झंडी दिखाने के बाद मालगाड़ी को बिलासपुर के लिए रवाना कर दिया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
27 मई, 10 जून, 12 अगस्त,
02 सितम्बर, 30 सितम्बर 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411